# एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड

# विषय सूची

पृष्ठ संख्या


| | | |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक मंडल | 1 |
| 2. | अध्यक्ष का संदेश | 2 |
| 3. | निदेशकों की रिपोर्ट | 6 |
| 4. | भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां | 49 |
| 5. | स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट | 50 |
| 6. | 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार तुलन–पत्र | 79 |
| 7. | 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष का लाभ और हानि खाता | 80 |
| 8. | 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तन की विवरणी | 81 |
| 9. | नकदी प्रवाह विवरणी | 82 |
| 10. | 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों के भाग के रुप में टिप्पणियां | 84 |

# निदेशक मंडल की सूची (29.12.2020)

| | |
|---|---|
| श्री राजीव बंसल | अध्यक्ष |
| श्री विनोद हेजमाड़ी | |
| श्री प्रांजोल चन्द्रा | |
| श्रीमती कुसुम लता शर्मा | |
| सुश्री मीनाक्षी मलिक | |
| श्री प्रेम सिंह नेगी | |

## मुख्य कार्यपालक अधिकारी

श्रीमती हरप्रीत ए. डी. सिंह

## मुख्य वित्तीय अधिकारी

श्री अम्बर कुमार मण्डल

## कम्पनी सचिव

श्रीमती मंजिरी एम. वझे

## सांविधिक लेखा परीक्षक

मैसर्स एस. के. कपूर एण्ड कं.
चार्टर्ड एकाउंटेंट
16/275, जीवन विकास भवन
सिविल लाईंस
कानपुर–208 001

## पंजीकृत कार्यालय

एलाइंस भवन
अन्तरदेशीय, टर्मिनल–1
आई.जी.आई. एयरपोर्ट,
नई दिल्ली–110037.

# अध्यक्ष का भाषण

## प्रिय शेयर होल्डरों,

मुझे आपके समस्त कम्पनी की वित्तीय वर्ष 2019–20 की 37वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अपार हर्ष हो रहा है।

एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड (पूर्व में एयरलाइन एलाइड सर्विसेस लिमिटेड) देश की अग्रणी अंतरर्राष्ट्रीय क्षेत्रीय एयरलाइन है, जो एअर इंडिया के नेटवर्क के साथ पूर्ण सांमजस्य में भारत में टायर II व III के शहरों हेतु सम्पर्क उपलब्ध करवाती है। कम्पनी अपने विमान बेड़े में अधिक विमानों को शामिल करके पैन इंडिया आधार पर अपने प्रचालनों के विस्तार की प्रक्रिया में है। यह विमान देश के अन्दर छोटे मार्गों के लिए सेवाएं उपलब्ध करवाएंगे और विदेशों के लिए भी प्रचालन करेंगे।

### अवलोकन–नागर विमानन उद्योग

भारत का नागर विमानन उद्योग पहले की अपेक्षा अब अधिक परिपक्व बाजार बन रहा प्रतीत होता है। चालू वर्ष में अनेक क्षेत्रीय हवाई अड्डों के आरंभ हो जाने से बड़ा परिवर्तन आया है जिससे देश भर में कनेक्टिविटी काफी बढ़ जाएगी इसके अलावा, नीतिगत परिवर्तनों के तहत घरेलू एयरलाइंस में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की अनुमति प्रदान करने से बाजार परिदृश्य में परिवर्तन आया है। यात्री यातायात में भी लगातार तेजी से वृद्धि हो रही है, क्योंकि उपभोक्ता रेल से हवाई यात्रा में, विशेषतः टायर II और टायर III शहरों में, अधिक स्थानांतरित हो रहे हैं।

### हवाई यात्रा में वृद्धि

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी किए गए नवीनतम आंकड़ों से ज्ञात होता है कि घरेलू यात्री हवाई यातायात वर्ष 2018 में 139 मिलियन यात्रियों की तुलना में वर्ष 2019 में 3.74 प्रतिशत बढ़कर 144 मिलियन यात्री तक पहुंच गया।

हाल के वर्षों में यह साफ देखने में आया है कि यात्री कम बजट एयरलाइंस को प्राथमिकता दे रहे हैं अब स्थिति यह है कि (अगस्त, 2020) लो कॉस्ट कैरियर आकाश में लगभग 85 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी के साथ हावी हैं।

### भारत तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार होगा

इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) के अनुसार, वर्ष 2025 तक यूके से आगे बढ़कर, भारत तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार बनने के लिए तैयार है। विदेशी निवेश के प्रवाह से पिछले सात वर्षों में उद्योग के विकास में गति आई है। औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2000 से सितंबर 2017 के बीच हवाई परिवहन (एयर फ्रेट सहित) में एफडीआई प्रवाह 1.59 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा। मॉर्गन स्टेनली के अनुसार, देश में अगले दशक में एयरपोर्ट के क्षेत्र में 25 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश और 13% की यातायात वृद्धि होगी। इसके आंकलन के अनुसार देश में संयुक्त हवाई और रेल यात्रा में हवाई यात्रा का हिस्सा 2027 तक 15.2% हो जाएगा।

नागर विमानन क्षेत्र के लिए बड़े निवेश की योजना के मद्देनजर यह स्पष्ट है कि देश हवाई यात्रा के क्षेत्र में एक बड़े आकस्मिक परिवर्तन के लिए तैयार है। इसमें विस्तार के लिए बहुत संभावनाएं हैं क्योंकि हवाई परिवहन देश के अधिकांश लोगों की पहुंच से परे है। रेल यात्रा लगातार और अधिक महंगी हो गई है। इसके विपरीत, हवाई यात्रा गति के साथ आराम भी प्रदान करती है। अतः इसमें कोई संदेह नहीं है कि नागर विमानन को गुणवत्ता, लागत और यात्री रुचि पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है, जो इसे 2025 तक तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार बनने में सक्षम बनाएगा।

### ईंधन की कीमतें

एयरलाइनों की परिचालन लागत में ईंधन की कीमतें लगभग 30% से 40% होती है। वर्ष 2019 के शुरुआत में ईंधन की कीमतें बढ़ रही थीं, लेकिन बाद में एयरलाइंस को राहत देते हुए कम हो गई। भारतीय उपभोक्ता मूल्य पर काफी ध्यान देते हैं और एयरलाइनों द्वारा देखा गया है कि कीमतों में बढ़ोतरी से मांग में तत्काल गिरावट आती है। एयरलाइन को लागत में कटौती और ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए यात्री सेवा में सुधार व प्रचालनों में बेहतर दक्षता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

संक्षेप में, भारतीय विमानन उद्योग अग्रसर होने की दिशा में एक बड़े कगार पर है। उम्मीद की जा सकती है कि नीतिगत वातावरण इसके विकास के लिए अनुकूल रहे ताकि उद्योग आने वाले सालों में अपनी पूरी क्षमता को प्राप्त कर सके।

## नई नागर विमानन नीति–क्षेत्रीय सम्पर्क योजना

भारत सरकार द्वारा क्षेत्रीय सम्पर्क योजना ''उड़े देश का आम नागरिक'' (उड़ान) प्रारंभ की गई है जो 10 वर्षों तक चलेगी और मौजूदा हवाईअड्डों और हवाईपट्टियों को पुनःर्जीवित करने का कार्य करेगी। इस योजना के तहत बोली के प्रथम राउंड में सरकार द्वारा लगभग 128 क्षेत्रीय रूट दिए गए हैं।

क्षेत्रीय कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस) के दूसरे, तीसरे और 3.1 दौर में, पहाड़ी और दूरदराज के इलाकों में उड़ान सेवाओं में वृद्धि के उद्देश्य से एयरलाइनों और हेलीकॉप्टर ऑपरेटरों को क्रमशः 325 मार्ग, 235 मार्ग और 44 मार्ग दिए गए हैं। इस योजना के तहत एयरलाइन ऑपरेटरों को आधी सीटें रियायती दरों पर देनी होंगी जिसमें सरकार द्वारा वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) या एयरलाइंस को सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

आरसीएस की शुरूआत के साथ, एलाइंस एअर के लिए असेवित और अल्पसेवित एयरपोर्टों के लिए कई नए मार्ग खुल गए हैं और इस बोली प्रक्रिया के क्रमशः 1, 2, 3 और 3.1 दौर में 17 मार्ग, 26 मार्ग, 40 मार्ग और 12 मार्ग आबंटित किए गए हैं। एलाइंस एअर ने सक्रिय रूप से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस) के चौथे दौर में भाग लिया था और इसका मार्ग आंबटन प्रतीक्षित है।

माननीय प्रधानमंत्री ने 27 अप्रैल, 2017 को शिमला–दिल्ली क्षेत्र की पहली 'यूडीएएन' उड़ान का शुभारंभ किया और एलाइंस एअर को लॉन्च वाहक होने का विशेषाधिकार प्राप्त हुआ। एलाइंस एअर द्वारा 31 मार्च, 2020 तक 61 मार्गों पर सेवाएं प्रारंभ की गई हैं और बोली लगाने के पहले दौर में दिए गए सभी मार्गों पर संचालन शुरू करने वाली पहली एयरलाइन बन गई है। भारत सरकार के सहयोग से फिक्की द्वारा आयोजित विंग्स इंडिया 2018 के तहत, एलाइंस एअर को **आरसीएस के तहत ''सर्वश्रेष्ठ एयरलाइंस और हेलीकॉप्टर''** का विजेता घोषित किया गया है।

चूंकि असेवित व अल्पसेवित मार्गों पर प्रचालन हेतु सरकार द्वारा प्रोत्साहन दिया जा रहा है, इससे टायर 2/3 के शहरों को जोड़ने वाले क्षेत्रीय मार्गों पर प्रचालन में वृद्धि होगी। अपने युवा एटीआर विमान बेड़े की मदद से एलाइंस एअर क्षेत्रीय बाजार में महत्वपूर्ण स्थान ले सकती है। अतः कम्पनी की आरसीएस बिडिंग के अगले चरण में भी तत्परता से भाग लेने की योजना है।

## वर्ष के दौरान कम्पनी का निष्पादन

कंपनी ने वित्त वर्ष 2019–20 में 6,508.94 लाख रु. का पहला प्रचालन लाभ अर्जित किया। हालाँकि, वित्तीय वर्ष 2019–20 में इंड एएस 116 को अपनाने के कारण, कंपनी ने 23,810 लाख रु. के व्यय और वित्त शुल्क के 18,282 लाख रु. का अतिरिक्त बोझ उठाया। परिणामस्वरूप 20,100.06 लाख रु. (वित्त वर्ष 2018–19 29,232.34 लाख रु.) की शुद्ध हानि हुई। कुल राजस्व में 34,487.56 लाख रु. (41.23% वर्ष दर वर्ष) रुपये की वृद्धि हुई है और व्यय में 25,310.66 लाख रु. की वृद्धि हुई है। जिससे नुकसान (PAT) 9,132.29 लाख रु. है।

## मुख्य विशेषताएं हैं :

- वित्त वर्ष 2018–19 में प्रचालन से राजस्व 82,161 लाख रु. से बढ़कर वित्त वर्ष 2019–20 में 99,303 लाख रु. हो गया, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 21% की वृद्धि है।
- यात्री वहन में 0.0424 मिलियन की वृद्धि का शुद्ध प्रभाव के कारण यात्री राजस्व में 1,318,82 लाख रु. की वृद्धि हुई है जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 2.65% की वृद्धि है।
- 2019–20 के दौरान क्रमशः नो शो और रद्दीकरण शुल्क और ईबीटी राजस्व 1,734.67 लाख रु. व 766.17 लाख रु. थे।
- चालू वर्ष में आरसीएस मार्गों में विस्तार के कारण आरसीएस, वीजीएफ और चार्टर राजस्व में 11,737.10 लाख रु. (12,460.11 लाख रु. से 24,197.22 लाख रु.) की वृद्धि हुई।
- इण्ड एएस 116 के प्रभाव के कारण लीज़ प्रभार में 21,224.95 लाख रु. से 27,141.02 लाख रु. की वृद्धि हुई।

- प्रस्थान में 5.33% की वृद्धि के कारण हैंडलिंग प्रभार में 220.78 लाख रु. की वृद्धि हुई।
- विदेशी पायलटों की संख्या में वृद्धि, विस्तार योजनाओं हेतु सभी विभागों में अतिरिक्त मानव शक्ति की भर्ती के कारण वेतन और भत्तों में लगभग 12.53% की वृद्धि हुई है।
- एटीएफ की लागत में औसत दर में 8.3% की कमी के कारण 1,018.82 लाख रु.(5%) की कमी हुई, हालांकि प्रचालन में 3.32% की वृद्धि हुई।
- अनुरक्षण प्रभार में सख्त प्रबंधन नियंत्रण के कारण 5,628.54 लाख रु. की कमी हुई (21,192.59 लाख रु. से 15,564.05 लाख रु.)
- लागत में सामान्य कमी मुख्य रूप से पुनर्वितरण शुल्क और विभिन्न लागत बचत उपायों और संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन के प्रावधानों में कमी के कारण है।

## भावी योजनाएं

सभी एयरलाइनों द्वारा क्षमता लगाए जाने व किरायों के किफायती होने के कारण भारत में विमानन बाजार में निरन्तर वृद्धि हो रही है। हालांकि बड़ी एयरलाइनों ने छोटे हवाई अड्डों में क्षमताएं तैनात करनी शुरू कर दी है तथापि टायर II व III के शहरों की वृद्धि अभी भी अप्रयुक्त है। एलाइंस एअर द्वारा जनवरी, 2003 से एटीआर विमानों का प्रचालन किया जा रहा है। टायर II व III के शहरों हेतु प्रचालन करने के अपने दशक से भी अधिक अवधि के अनुभव का कम्पनी लाभ उठाना चाहती है। कम्पनी के विमान बेड़े में 18 एटीआर 72–600 विमान शामिल हैं। वर्तमान बेड़े को 61 स्टेशनों के नेटवर्क पर दैनिक 105 उड़ानों हेतु तैनात किया गया है। वित्त वर्ष 2019–20 में, कम्पनी ने अपने नेटवर्क का विस्तार व पहुंच पड़ोसी देशों तक की है। साथ ही आने वाले वर्षों में बेड़े और उसके नेटवर्क को बढ़ाने की योजना है।

कंपनी ने वित्त वर्ष 2019–20 में प्रतिकूल वित्तीय मानकों के चलन को उलट कर 6,508.94 लाख रुपये का प्रचालन लाभ प्राप्त किया है। विमानन उद्योग में कोविड–19 महामारी के प्रभाव के कारण, वर्ष 2020–2021 सभी एयरलाइनों के लिए प्रतिकूल होने की उम्मीद है और हमारी एयरलाइन भी अपवाद नहीं होगी। हालांकि, लागत में कटौती और विभिन्न समझौतों पर फिर से बातचीत करने के लिए प्रबंधन द्वारा आवश्यक कदम उठाए गए हैं और हमें विश्वास है कि धीरे–धीरे और निश्चित रूप से एयरलाइन गति प्राप्त कर रही है और अप्रैल 2021 तक पूर्ण प्रचालन फिर से शुरू करने की उम्मीद है।

## धन्यवाद प्रस्ताव

मैं, एअर इंडिया लि. और नागर विमानन मंत्रालय द्वारा दिए गए सम्पूर्ण सहयोग के लिए उनको धन्यवाद देता हूं। मैं, बैंक तथा नियामक एजेंसियों सहित सभी अन्य प्राधिकरणों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं तथा विश्वास दिलाता हूं कि हम प्रगति के पथ पर अपनी यात्रा जारी रखेंगे और कम्पनी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। मैं बोर्ड के अपने सभी सहयोगियों को उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देता हूं।

मैं कम्पनी के सभी कर्मचारियों को, एलाइंस एअर को यात्रियों की पहली पसंद बनाने में उनके योगदान व सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं।

बोर्ड की ओर से, सदैव की भांति, मैं आपके सहयोग की अपेक्षा करता हूं।

हस्ता./–
**(राजीव बंसल)**
**अध्यक्ष**

## विज़न

प्रमुख अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रीय एयरलाइन होना, एअर इंडिया के नेटवर्क के साथ सम्पूर्ण तालमेल से भारत के टायर II व टायर III के शहरों के बीच सम्पर्क उपलब्ध करवाना व दक्षिण एशियाई शहरों को एलाइंस एअर नेटवर्क के साथ जोड़ना।

## लक्ष्य व उद्देश्य

प्रमुख अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रीय एयरलाइन

### ग्राहक

- सुरक्षित, विश्वसीय एवं समय पर सेवाएं प्रदान करना।
- ग्राहकों को सर्वोत्तम संतोषजनक सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रभावी कदम उठाना।
- एयरलाइन बाजार में नये यात्री बेस की संभावना खोजना।
- मुख्य अंतरदेशीय व अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों तक अबाध यात्रा हेतु मैट्रो शहरों व आगे वन–स्टॉप सम्पर्क उपलब्ध करवाना।

### प्रक्रियाएं

- सुरक्षा एवं कुशलता के मानकों में निरंतर सुधार करना।
- नए एवं आधुनिक विमान बेड़े का प्रचालन व अनुरक्षण।
- एअर इंडिया के मुख्य नेटवर्क के साथ संयोजन में सर्वोत्तम एवं संवर्धित कुशल नेटवर्क उपलब्ध करवाना।
- आर्थिक स्रोतों का सृजन।
- क्षेत्रीय शार्ट–हॉल एयरलाइन प्रचालक की छवि व प्रतिस्पर्धात्मक बाजार प्रतिष्ठा में वृद्धि

### मार्ग–नेटवर्क

- सघन रेल यातायात से प्रतिस्पर्धा
- मेट्रो व आगे तीव्र क्षेत्रीय सम्पर्क की अपेक्षाओं को पूरा करना
- वायु सम्पर्क से अछूते शहरों में सम्पर्क उपलब्ध करवाना।

### लोग

- अत्यधिक प्रेरित एवं व्यावसायिक टीम का निर्माण करना।
- पारदर्शिता एवं नैतिकता के उच्चतम स्तर को बनाए रखना।
- जिम्मेदार निगमित नागरिक बनना।

# निदेशकों की रिपोर्ट 2019–20

**सदस्य**
**एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड**

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए एलाइंस एअर एविएशन लि. के लेखा परीक्षित, लेखा विवरण सहित 37वीं वार्षिक रिपोर्ट आपके निदेशक सहर्ष प्रस्तुत करते हैं।

## 1. वित्तीय एवं वास्तविक निष्पादन

गत वर्ष की तुलना में समीक्षाधीन वर्ष के दौरान वित्तीय एवं वास्तविक निष्पादन इस प्रकार हैं :–

### वित्तीय निष्पादन

(लाख रु. में)

| | **2019–20** | 2018–19 |
|---|---|---|
| प्रचालन राजस्व | **71,360.39** | 69,193.41 |
| निर्धारित राजस्व | **24,197.22** | 12,460.11 |
| गैर निर्धारित राजस्व | **3,745.26** | 507.67 |
| अन्य प्रचालन राजस्व | **18,812.52** | 1,466.64 |
| अन्य आय | | |
| कुल राजस्व | **1,18,115.39** | 83,627.83 |
| कुल व्यय | **1,38,178.04** | 1,12,867.37 |
| अन्य व्यापक आय | **(37.41)** | 7.20 |
| वर्ष के दौरान कर पूर्व निवल लाभ/(हानि) | **(20,100.06)** | (29,232.34) |
| वर्ष के लिए कर पश्चात निवल लाभ (हानि) | **(20,100.06)** | (29,232.34) |
| शेयर पूंजी | **40,225.00** | 40,225.00 |

### शेयर पूंजी

### प्राधिकृत शेयर पूंजी

31 मार्च, 2020 को कम्पनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी 2000 करोड़ रु. थी जो 100/– रु. प्रति के 20 करोड़ इक्विटी शेयरों में विभाजित है।

### जारी, अभिदत्त और प्रदत्त शेयर पूंजी

31 मार्च, 2020 को कम्पनी की जारी, अभिदत्त और प्रदत्त शेयर पूंजी 402.25 करोड़ रु. थी जो 100/– रु. प्रति के 4 करोड़ दो लाख 25 हजार इक्विटी शेयरों में विभाजित है।

### कम्पनी के नाम में परिवर्तन

कंपनी का नाम एयरलाइन एलाइड सर्विसेस लिमिटेड से परिवर्तित कर एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड कर दिया गया है, जो 7 मार्च 2020 से प्रभावी है।

### शेयर पूंजी में परिवर्तन, यदि कोई हो।

वर्ष के दौरान कम्पनी की प्रदत्त शेयर पूंजी में कोई परिवर्तन नहीं किया गया।

## व्यवसाय की प्रकृति में परिवर्तन

वर्ष के दौरान कम्पनी के व्यवसाय की प्रकृति में कोई भी परिवर्तन नहीं आया है।

## लाभांश

कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 123 के अनुसार कम्पनी की संचित हानि को देखते हुए किसी लाभांश पर विचार नहीं किया गया है।

## दावे नहीं किए गए लाभांश को इन्वेस्टर एजूकेशन और प्रोटेक्शन फंड में अंतरित करना

कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 125 के प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं होते चूंकि पिछले वर्षों में अप्रदत्त/अदावाकृत कोई भी लाभांश नहीं दिया गया।

## रिजर्व में स्थानांतरित राशि

संचित हानि को देखते हुए, वर्ष के दौरान कम्पनी के बोर्ड द्वारा रिजर्व में, कोई भी राशि स्थानांतरित ना करने का निर्णय लिया गया।

## मानव संसाधन

वर्ष के अन्त में कम्पनी में कर्मचारी क्षमता, कॉट्रैक्चूअल कर्मचारियों की संख्या 847 (668) थी, जिसमें मूल कम्पनी एअर इंडिया से प्रतिनियुक्ति पर आए 7 (8), एआईईएसएल से प्रतिनियुक्ति पर आए 21 (21) कर्मचारी शामिल नहीं हैं। कम्पनी के सभी कर्मचारी नियत अवधि संविदा के आधार पर कार्यरत हैं। 847 संविदात्मक कर्मचारियों में से 255 (30.11%) महिला कर्मचारी हैं। 31 मार्च, 2020 को कम्पनी में कैडर वार 203 पायलट, 171 केबिन कर्मी, और 473 अन्य वर्गों के कर्मचारी रहे।

31 मार्च, 2020 को कम्पनी में एटीआर–42 व एटीआर–72 बेड़े के 71 विदेशी पायलट हैं। कम्पनी का प्रयास है कि विमान बेड़े के अनुपात में कमांडरों की न्यूनतम आवश्यक क्षमता को बनाए रखने के लिए विदेशी पायलटों की संख्या न्यूनतम रखी जाए।

## आरक्षण नीति का कार्यान्वयन

वर्ष 1975 में जारी राष्ट्रपति के निर्देशों के अनुसार व वर्ष 1991 और 1996 में संशोधित निर्देशों के साथ आरक्षण नीति लागू की जा रही है।

## अनुसूचित जाति/अ.ज.जा./अ.पि.वर्ग – 31 मार्च, 2020 को कर्मचारियों की संख्या

| कर्मचारियों की कुल संख्या | अ.जा. के कर्मचारियों की कुल संख्या | अनुसूचित जाति के कर्मचारियों का प्रतिशत | अ.ज.जा कर्मचारियों की कुल संख्या | अ.ज.जा कर्मचारियों का प्रतिशत | अ.पि.वर्ग के कर्मचारियों की कुल संख्या | अ.पि.वर्ग के कर्मचारियों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **847** | **108** | **12.75** | **28** | **3.31** | **146** | **17.24** |

## राजभाषा कार्यान्वयन– हिन्दी का प्रयोग

सरकार की राजभाषा नीति के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए कम्पनी ने सभी स्तरों पर हिन्दी के प्रगामी प्रयोग में बढ़ोतरी में अहम् भूमिका निभाई है। अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी में अधिकाधिक काम करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। राजभाषा के उत्तरोतर विकास हेतु हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों/कर्मचारियों ने विविध प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया व समारोह आयोजित कर विजेताओं व प्रतिभागियों को पुरस्कार और सम्मान वितरित किए गए।

## राजकोष में अंशदान

कम्पनी द्वारा सरकार के राजकोष में बिक्री कर तथा विमानन टर्बाइन ईंधन पर लगाए जाने वाले अन्य करों के रूप में 1,710.99 लाख रुपए (2,094.80 लाख रुपए) का अंशदान दिया गया।

## सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 का अनुपालन

कम्पनी, सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम होने के कारण, नागरिकों को सूचना प्राप्त करने हेतु सूचना के अधिकारों के प्रावधानों का कम्पनी में अनुपालन, सफलतापूर्वक सुनिश्चित कर रही है।

आवेदनों और अपीलों के समय पर निपटान के लिए कम्पनी में सीपीआईओ (केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी) और अपीलीय प्राधिकारी हैं।

2019–20 की अवधि के दौरान 69 अनुरोध/अपील प्राप्त हुए। एलाइंस एअर से संबंधित सभी आरटीआई अनुरोध/अपील का 2019–20 के दौरान निपटान कर दिया गया है।

## सहायक कम्पनियों/संयुक्त उद्यमों/सम्बद्ध कम्पनियों से संबंधित सूचना

कम्पनी की कोई सहायक कम्पनी, संयुक्त उद्यम या सम्बद्ध कम्पनी नहीं है।

## महत्वपूर्ण परिवर्तन व प्रतिबद्धताएं

धारा 134 (3)(1) के प्रावधानों के अनुसार 31 मार्च 2020 से बोर्ड की रिपोर्ट की तिथि के बीच कंपनी की वित्तीय स्थिति में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं हुआ है जिसने इसे प्रभावित किया हो।

## प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट

विस्तृत प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट का ब्यौरा अलग से दिया गया है।

## निदेशक मण्डल की बैठकों की संख्या

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान, कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 173 के अनुसार निदेशक मण्डल की (स्थगित व पुनःस्थगित बैठकों सहित) 5 बैठकें निम्नलिखित तिथियों को आयोजित की गई।

| क्र.सं. | बैठक की तिथि | बोर्ड स्ट्रैंथ | उपस्थित निदेशकों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 26.06.2019 | 4 | 4 |
| 2 | 24.07.2019 | 4 | 4 |
| 3 | 14.11.2019 | 5 | 4 |
| 4 | 28.11.2019 | 5 | 4 |
| 5 | 02.03.2020 | 5 | 4 |

## निदेशकों का दायित्व संबंधी वक्तव्य

कम्पनी के निदेशक मंडल पुष्टि करते हैं:–

(क) वार्षिक लेखों को तैयार करते समय लागू लेखांकन मानकों का अनुसरण किया गया है तथा सामग्री विचलन के संबंध में समुचित स्पष्टीकरण दिया गया है।

(ख) निदेशकों द्वारा इस प्रकार की लेखा नीतियों का चयन तथा उन्हें संगत रूप से लागू किया गया है एवं वित्तीय वर्ष के अंत में कम्पनी के कार्यों की स्थिति एवं इस तिथि को समाप्त अवधि के लिए कम्पनी के लाभ व हानि को सही व निष्पक्ष रूप से प्रस्तुत करने के उद्देश्य से निदेशकों के निर्णय एवं आकलन उचित एवं विवेकपूर्ण हैं।

(ग) कंपनी की परिसम्पत्तियों को सुरक्षित रखने व फ्रॉड की रोकथाम व पता लगाने एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने एवं पता लगाने के लिए कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसरण में पर्याप्त लेखांकन रिकार्ड बनाए रखने के लिए निदेशकों द्वारा उचित व पर्याप्त सावधानी बरती गई है।

(घ) निदेशकों द्वारा वार्षिक लेखे ''गोईंग कन्सर्न'' आधार पर तैयार किए हैं।

(ड.) कम्पनी के अनलिस्टिड होने के कारण धारा 134(3) का उपखण्ड (ड.) लागू नहीं।

(च) सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निदेशकों द्वारा समुचित प्रणाली बनाई गई है तथा इस प्रकार की प्रणाली समुचित है तथा प्रभाव पूर्ण ढ़ग से कार्य कर रही है।

## लेखा परीक्षा समिति

लेखा परीक्षा समिति में 3 निदेशक हैं कम्पनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपस्थिति में, सरकारी निदेशकों द्वारा लेखा परीक्षा समिति की अध्यक्षता की जाती है। वर्ष 2019–20 के दौरान लेखा परीक्षा समिति में निम्नलिखित सदस्य थे :

| निदेशकों के नाम | समिति में पद | निदेशकों की श्रेणी |
|---|---|---|
| श्री अंशुमाली रस्तोगी<br>(20.1.2020 से सदस्य नहीं रहे) | अध्यक्ष | सरकारी निदेशक |
| श्रीमती कुसुम लता शर्मा<br>(20.1.2020 को नियुक्ति) | अध्यक्ष | सरकारी निदेशक |
| श्री प्रांजोल चन्द्रा | सदस्य | सरकारी निदेशक |
| श्री विनोद एस. हेजमाड़ी | सदस्य | नामित निदेशक –एआई |
| श्री अश्वनी लोहानी<br>(14.02.2020 से सदस्य नहीं रहे) | स्थायी आमंत्रित | अध्यक्ष (एअर इंडिया से नामित) |
| श्री राजीव बंसल<br>(14.02.2020 को नियुक्ति) | स्थायी आमंत्रित | अध्यक्ष (एअर इंडिया से नामित) |

## लेखा परीक्षक

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा **मैसर्स एस के कपूर एण्ड कम्पनी** को वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए कम्पनी का सांविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया है।

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में उल्लेखित योग्यताएं या प्रतिकूल टिप्पणियां जिन पर प्रबंध वर्ग के उत्तर सहित स्पष्टीकरण/व्याख्या अपेक्षित है, की रिपोर्ट संलग्न हैं।

वित्तीय विवरणी पर नोट स्वतः स्पष्ट हैं, और इस पर और स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है।

## भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए कम्पनी के लेखों पर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (6) के तहत अपेक्षित, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की टिप्पणियां इस रिपोर्ट के साथ संलग्न हैं।

## सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 204 के अनुसार बोर्ड ने श्री उपेन्द्र शुक्ला, प्रैक्टिसिंग कम्पनी सचिव, मुम्बई को वित्तीय वर्ष 2019–20 की सचिवीय लेखा परीक्षा हेतु सचिवीय लेखा परीक्षक नियुक्त किया है।

31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए सचिवीय लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट एवं प्रबंधन की टिप्पणियां इस रिपोर्ट के साथ संलग्न हैं:

## सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट की टिप्पणियों पर प्रबंध मण्डल के उत्तर

### (क) स्वतंत्र निदेशक

(i) निम्नलिखित टिप्पणियों के आधार पर कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) एवं उसके अधीन बनाए गए नियमों के तहतः–

क) पब्लिक लिमिटेड कंपनी (एअर इंडिया लिमिटेड) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी होने के कारण, कंपनी को स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की आवश्यकता नहीं है, अतः लेखा परीक्षा समिति का गठन स्वतंत्र निदेशकों के बिना किया जाता है। अतः अधिनियम की धारा 177 (2) के प्रावधानों के साथ पठित कम्पनी नियम 2014 के नियम 6 (बोर्ड की बैठकें और इसके अधिकार) जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ लेखा परीक्षा समिति के सदस्य के रूप में एक स्वतंत्र निदेशक की आवश्यकता होती है, का अनुपालन नहीं किया गया।

ख) धारा 178 के साथ पठित कम्पनी नियम (बोर्ड की बैठकें व शक्तियां) 2014 के नियम 6 के अनुसार, कम्पनी द्वारा पारिश्रमिक व नामांकन समिति का गठन नहीं किया गया है।

ग) अधिनियम की धारा 149 के अन्तर्गत अपेक्षित, कंपनी में 1 अप्रैल, 2019 से 19 जनवरी, 2020 तक एक महिला निदेशक नहीं है।

2) <u>निगमित प्रशासन पर दिशानिर्देशों के अन्तर्गत टिप्पणियां निम्नानुसार हैं:</u>

(i) डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 3.1 के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल को गठित नहीं किया गया है, अर्थात् क्रियाशील, नामांकित और स्वतंत्र निदेशकों का कोई अनुकूल संयोजन नहीं है और नामित निदेशकों की संख्या दो की निर्धारित सीमा से .अधिक है।

(ii) डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 3.1.1.4 के अनुसार कंपनी में 1 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2020 की अवधि के दौरान कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं था।

(iii) चूंकि कंपनी में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं था, इसलिए लेखा परीक्षा समिति का गठन लेखा परीक्षा अवधि के दौरान डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 4.1.1 और 4.1.2 के अनुसार नहीं हुआ।

(iv) डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 5.1 के अनुसार आवश्यक पारिश्रमिक समिति का गठन कम्पनी द्वारा नहीं किया गया।

**प्रबंधन की टिप्पणियां**

यह कथन सही है।

एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड (पूर्व में एयरलाइन एलाइड सर्विसेस लिमिटेड (एएएएल) एअर इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी है और एक असूचीबद्ध सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी है। नागर विमानन मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 5 सितंबर 2017 की अधिसूचना सं. 1/22/2013–सीएल–v के अनुसार एक असूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनी, जो एक संयुक्त उद्यम भी है, पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी या एक डॉरमेंट कंपनी को स्वतंत्र निदेशक नियुक्त करने की आवश्यकता नहीं होगी।

इसके अलावा, कंपनी के संगम अनुच्छेद के अनुसार एअर इंडिया लिमिटेड, अनुच्छेद 117 के प्रावधानों के अनुसार, भारत सरकार के साथ परामर्श कर एअर इंडिया लिमिटेड के कंपनी के निदेशक मंडल का गठन कर इसे नियंत्रित करेगा जैसा कि कंपनी अधिनियम में प्रयुक्त एक्सप्रेशन के अर्थ में किया जाता है। तथापि, एएएएल के बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नियुक्त नहीं थे। 20 जनवरी 2020 को निदेशक नागर विमानन मंत्रालय श्रीमती कुसुम लता शर्मा को कंपनी के बोर्ड में नियुक्त किया गया है और अधिनियम की धारा 149 के तहत आवश्यक रूप से एक महिला निदेशक की आवश्यकता का अनुपालन किया गया है।

चूंकि 2019–20 के दौरान भारत सरकार द्वारा कोई भी स्वतंत्र निदेशक नियुक्त नहीं किए गए थे व पूर्ण स्वामित्व की सहायक कम्पनी को प्रदत्त छूट के मद्देनजर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 (2), धारा 178 और खंड 3.1, 3.1.14, 4.1.1, 4.1.2 और 5.1 के प्रावधान के तहत डीपीई के दिशानिर्देशों का अनुपालन नहीं किया जा सका।

**(ख) बोर्ड/समिति बैठकें**

(i) डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 3.3 के अनुसार, बोर्ड की प्रति तिमाही एक व वार्षिक कम से कम चार बैठकें आयोजित की जानी आवश्यक हैं। इसके अलावा, किन्ही भी दो बैठकों के बीच का समय अंतराल तीन महीने से अधिक नहीं होना चाहिए। यह देखा गया है कि कंपनी द्वारा तीन महीनों में बोर्ड की बैठक आयोजित नहीं की गई और 24.07.2019 और 14.11.2019 को आयोजित दो बोर्ड बैठकों के बीच अंतर तीन महीने से अधिक रहा।

(ii) इसके अलावा, डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 4.4 के अनुसार, ऑडिट कमेटी द्वारा वार्षिक चार बैठकें आयोजित करनी आवश्यक है और दो बैठकों के बीच चार महीने से अधिक का अंतराल नहीं होना चाहिए। साथ ही, बैठक के कोरम के लिए न्यूनतम दो स्वतंत्र निदेशकों की उपस्थिति अनिवार्य है। यह देखा गया है कि 1 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2020 की अवधि के दौरान लेखा परीक्षा समिति की केवल 3 बैठकें हुई। लेखा परीक्षा समिति की बैठकें स्वतंत्र निदेशकों की उपस्थिति के बिना आयोजित की जाती हैं।

**प्रबंधन की टिप्पणियां**

यह कथन सही है।

वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान, 5 बोर्ड बैठकें और लेखा परीक्षा समिति की 3 बैठकें आयोजित की गई। कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार, कंपनी को प्रति वर्ष निदेशक मंडल की कम से कम चार बैठकें इस प्रकार आयोजित करनी आवश्यक है कि बोर्ड की लगातार दो बैठकों के बीच एक सौ बीस दिनों से अधिक का समय अंतराल न हो। कंपनी को वर्ष के दौरान कम से कम लेखा परीक्षा समिति की 4 बैठकें आयोजित करना आवश्यक है। हम कंपनी अधिनियम का अनुपालन कर रहे हैं, तथापि, वर्ष के दौरान कम से कम 4 लेखा परीक्षा समिति की बैठकें आयोजित कर डीपीई दिशानिर्देशों के उपरोक्त प्रावधानों का भविष्य में अनुपालन करेंगे।

**(ग) तिमाही वित्तीय परिणाम**

(i) डीपीई दिशानिर्देशों के अनुबंध IV में निर्धारित न्यूनतम जानकारी को आम तौर पर बोर्ड के समक्ष रखा जाता है, जो तिमाही वित्तीय परिणामों को छोड़कर दिशानिर्देशों के खंड 3.3 के तहत आवश्यक है।

**प्रबंधन की टिप्पणियां**

बोर्ड को अपनी बैठकों में वित्तीय निष्पादन से अवगत कराया जाता है जो तिमाही आयोजित की जाती है, हालांकि कोई अलग एजेंडा आइटम नहीं रखा जाता है। भविष्य में इसके अनुपालन के लिए प्रबंधन आवश्यक कार्रवाई करेगा। विदेशी मुद्रा एक्सपोजर के संबंध में, इससे संबंधित सूचना कंपनी के निदेशकों की रिपोर्ट के अंतर्गत आती है, जिसे बोर्ड के सामने रखा जाता है।

**ऋण, गारंटी व निवेश**

कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 186 के अन्तर्गत कम्पनी ने वर्ष के दौरान कोई गारन्टी व निवेश नहीं किया है। अतः अनुच्छेद 186 के प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं हैं।

**ऊर्जा संरक्षण, तकनीक समावेशन तथा विदेशी मुद्रा आय व आउटगो**

**(क)** कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 134 (3) (एम) के प्रावधानों के तहत, ऊर्जा संरक्षण तथा तकनीक समावेषन से संबंधित आवष्यक विवरण, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी की गतिविधियों की प्रकृति के मद्देनजर उपलब्ध नहीं करवाए गए।

**(ख)** विदेशी मुद्रा आय व आउटगो

| | विवरण | चालू वर्ष 19–20 (रु. लाख में) | गत वर्ष 18–19 (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|
| क) | 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान आयात (सीआईएफ) पर व्यय | | |
| | – विमान पूर्जे और औजार | **2,544.20** | 1,287.35 |
| | –पूंजीगत मदें–स्थल सहायता उपस्कर एयरफ्रेम रोटेबल एवं एरो इंजीनियरिंग रोटेबल | **70.22** | 254.08 |
| ख) | 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान खपत पर व्यय | | |
| | – आयातित–पूर्जे और कंपोनेंट | **1,051.07** | 330.05 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | – स्वदेशी पूर्जे | **कोई नहीं** | कोई नहीं |
| ग) | विदेशी मुद्रा में आय<br>– इंटरलाइन राजस्व | **कोई नहीं** | कोई नहीं |
| घ) | विदेशी मुद्रा में व्यय | | |
| | – विमान लीज़ और अनुरक्षण प्रभार | **35,091.19** | 35,915.09 |
| | – भंडार और उपस्करों की खरीद | **2,614.42** | 1,541.43 |
| | – तकनीकी साहित्य | **190.65** | 137.32 |
| | – प्रशिक्षण और यात्रा | **20.80** | 128.97 |
| | – विधिक प्रभार | **कोई नहीं** | कोई नहीं |
| | – ईंधन एवं अवतरण/पार्किंग | **46.99** | कोई नहीं |

**जमा**

वर्ष के दौरान कोई जमा स्वीकार नहीं किया गया।

## महत्वपूर्ण व वस्तुगत आदेश

कम्पनी द्वारा भविष्य में किए जाने वाले प्रचालन व गोइंग कंसर्न पर प्रभाव डालने वाले कोई महत्वपूर्ण व वस्तुगत आदेश नियामकों या कोर्ट या ट्रिब्यूनल द्वारा जारी नहीं किए गए।

## निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व से संबंधित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के प्रावधान, कम्पनी द्वारा वर्ष के दौरान लाभ अर्जित न किए जाने के कारण, कम्पनी पर लागू नहीं है।

## कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 का अनुपालन

वर्ष 2019–2020 के दौरान कम्पनी में रिपोर्ट किए गए यौन उत्पीड़न के मामलों का ब्यौरा निम्नलिखित है।

i संबंधित वर्ष के दौरान यौन उत्पीड़न की शून्य शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

ii 90 दिनों से अधिक लम्बित मामलों की संख्या शून्य है।

iii यौन उत्पीड़न के संबंध में आयोजित कार्यशालाओं या जागरुकता कार्यक्रमों की संख्याः

सामान्यतः सामान्य जागरुकता कार्यक्रम आवधिक रुप से आयोजित किए जाते हैं। इसके अलावा, कार्यस्थल पर ''क्या करें और क्या ना करें,'' यौन उत्पीड़न संबंधी पोस्टर सभी कार्यस्थलों पर डिस्पले किए गए।

iv कम्पनी द्वारा किए गए सुधारात्मक उपायः

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 की अपेक्षाओं के अनुसार शिकायतों के निपटान व संगठन में जागरूकता लाने हेतु आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का गठन किया गया है।

## निगमित प्रशासन

कम्पनी द्वारा बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के अलवा निगमित प्रशासन की आवश्यकताओं का अनुपालन किया जा रहा है।

निगमित प्रशासन रिपोर्ट, **अनुलग्नक–क** में संलग्न है।

## संबंधित पार्टियों के साथ कॉंट्रेक्ट या व्यवस्था का विवरण

वर्ष के दौरान किए गए सभी संबंधित पार्टी लेन–देन, आर्म लैंथ आधार पर व व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया के अनुसार थे। कम्पनी द्वारा प्रमोटरों, निदेशकों महत्वपूर्ण कार्मिकों या अन्य पद नामित व्यक्तियों के साथ कोई तात्विक रूप से महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेन–देन नहीं किया गया, जिसका कम्पनी के हित से कोई संभावित टकराव हो।

## जोखिम प्रबंधन

एएएएल का राजस्व, मूल कम्पनी एअर इंडिया से जुड़ा हुआ है व मूल कम्पनी में कैपिंग मॉनीटरिंग नीति, बैंक गारंटी नीति, वेब पोर्टल के साथ संलग्न रिस्क इंजन के माध्यम से जोखिम मॉनिटरिंग स्थापित कर, एजेंटों/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किए जाने वाले विक्रय के लिए समुचित जोखिम प्रबंधन नीति उपलब्ध हैं, 100 प्रतिशत सहायक कम्पनी होने के चलते एएएएल उच्च व्यवसाय जोखिम उन्मुख नहीं हैं।

कम्पनी के अस्तित्व पर जोखिम का खतरा न्यूनतम है, अतः कम्पनी की, जोखिम प्रावधान हेतु कोई नीति नहीं है।

## वार्षिक रिर्टन का सार

कम्पनी नियम 2014 के नियम 12 (1) (प्रबंधन एवं प्रशासन) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 92(3) के प्रावधानों के तहत वार्षिक रिर्टन का सार फार्म एमजीटी 9 में एअर इंडिया लि. की वेबसाइट www.airindia.in पर उपलब्ध है।

## स्वतंत्रता की घोषणा

एएएएल एअर इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व की एक सहायक कंपनी है। कंपनी के आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के अनुच्छेद 117, कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी के निदेशकों की संख्या तीन से कम और बारह से अधिक नहीं होगी, जिनमें से सभी एअर इंडिया लिमिटेड द्वारा नियुक्त किए जाएंगे, जो भारत सरकार के निर्देशों के तहत कार्य करेंगी।

## निदेशक एवं प्रमुख प्रबंधकीय कर्मी (केएमपी)

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान कम्पनी के निदेशकों व महत्वपूर्ण प्रबंधकीय कार्मिकों में निम्नानुसार परिवर्तन हुएः–

| क्र.सं. | नाम | पदनाम | नियुक्ति की तिथि | समापन की तिथि | समापन का तरीका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री पंकज कुमार | क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, एआईएल | 30 अगस्त, 2018 | 30 अप्रैल, 2019 | निदेशक नहीं रहे |
| 2. | श्री प्रेम सिंह नेगी | क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, एआईएल | 07 अक्तूबर, 2019 | | |
| 3. | श्री कमल राउल | मुख्य वित्तीय अधिकारी, एएएएल | 01 नवम्बर, 2016 | 26 जुलाई, 2019 | मुख्य वित्तीय अधिकारी नहीं रहे |
| 4. | श्री अम्बर कुमार मण्डल | मुख्य वित्तीय अधिकारी, एएएएल | 26 जुलाई, 2019 | | |
| 5 | श्री अंशुमाली रस्तोगी | निदेशक (वित्त) नागर विमानन मंत्रालय | 12 मई, 2017 | 20 जनवरी, 2020 | निदेशक नहीं रहे |
| 6 | श्रीमती कुसुम लता शर्मा | निदेशक (वित्त) नागर विमानन मंत्रालय | 20 जनवरी, 2020 | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7. | श्री अश्वनी लोहानी | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एआईएल | 14 फरवरी, 2019 | 14 फरवरी, 2020 | निदेशक नहीं रहे |
| 8. | श्री राजीव बंसल | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एआईएल | 14 फरवरी, 2020 | | |

**निगमित कार्य मंत्रालय के 5 जून 2015 की अधिसूचना के अनुसार दी गई छूट के मुताबिक निम्नलिखित मामलों पर सूचना नहीं दी गयी है:**

i. बोर्ड, इसकी समितियों और व्यक्तियों का कार्य निष्पादन मूल्यांकन।

ii. निदेशकों के चयन, नियुक्ति और उनके पारिश्रमिक के लिए नीति।

iii. पारिश्रमिक नीति – कार्यपालक निदेशकों और गैर कार्यपालक निदेशकों को पारिश्रमिक।

**धन्यवाद प्रस्ताव**

कंपनी की सेवाओं का उपयोग करने के लिए बोर्ड, भारत और विदेशों में कंपनी के मूल्यवान ग्राहकों की ईमानदारी से सराहना करता है और उनके निरंतर समर्थन और विश्वास की अपेक्षा करता है।

बोर्ड, कंपनी के संचालन और विकास योजनाओं के लिए एअर इंडिया लिमिटेड, नागर विमानन मंत्रालय और भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों से प्राप्त समर्थन और मार्गदर्शन के लिए कृतज्ञता अभिव्यक्त करता है। बोर्ड डीजीसीए, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, निगमित कार्य मंत्रालय, सांविधिक लेखा परीक्षकों, सचिवीय लेखा परीक्षक, आंतरिक लेखा परीक्षकों, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, अन्य सरकारी विभागों, एयरलाइंस एवं एजेंट का भी आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करता है।

कृते व निदेशक मण्डल की ओर से

हस्ता./–
**(राजीव बंसल)**
अध्यक्ष

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 24 दिसंबर, 2020

# प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट

## वित्तीय निष्पादन का विश्लेषण

### राजस्व

❖ वर्ष 2019–20 के दौरान अर्जित 83,627.83 लाख रु. के राजस्व की तुलना में, वर्ष के दौरान अर्जित कुल राजस्व 1,18,115.39 लाख रु. रहा।

### व्यय

❖ गत वर्ष व्यय किए गए 1,12,867.37 लाख रु. की तुलना में, वर्ष के दौरान 1,38,178.04 लाख रु. का कुल व्यय किया गया।

## मानव संसाधन

### कर्मचारियों की संख्या

31 मार्च, 2020 को एएएएल में नियत अवधि रोजगार समझौता आधार पर तहत कर्मचारियों की संख्या 847 रही। इसके अतिरिक्त एअर इंडिया से प्रतिनियुक्ति पर 7 कर्मचारी और एआईईएसएल से 21 कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर हैं।

## विमान बेड़े की स्थिति

31 मार्च, 2020 को एएएएल के विमान बेड़े में विमानों की स्थिति इस प्रकार रही :–

| विमान | एमएसएन | टाइप |
|---|---|---|
| वीटी–एबीए* | 390 | एटीआर 42–320 |
| वीटी–एआईआई | 1197 | एटीआर– 72–212ए |
| वीटी–एआईटी | 1226 | एटीआर– 72–212ए |
| वीटी–एआईयू | 1246 | एटीआर– 72–212ए |
| वीटी–एआईवी | 1252 | एटीआर– 72–212ए |
| वीटी–एआईडब्ल्यू | 1272 | एटीआर– 72–212ए |
| वीटी–एआईएक्स | 1268 | एटीआर– 72–212ए |
| वीटी–एआईवाई | 1273 | एटीआर– 72–212ए |
| वीटी–एआईजैड | 1279 | एटीआर– 72–212ए |
| वीटी–आरकेसी | 1381 | एटीआर– 72–212ए |
| वीटी–आरकेडी | 1383 | एटीआर– 72–212ए |
| वीटी–आरकेई | 1421 | एटीआर– 72–212ए |
| वीटी–आरकेएफ | 1423 | एटीआर– 72–212ए |
| वीटी–आरकेजी | 1427 | एटीआर– 72–212ए |
| वीटी–आरकेएच | 1434 | एटीआर– 72–212ए |
| वीटी–आरकेजे | 1439 | एटीआर– 72–212ए |
| वीटी–आरकेके | 1445 | एटीआर– 72–212ए |
| वीटी–आरकेएल | 1456 | एटीआर– 72–212ए |
| वीटी–आरकेएम | 1463 | एटीआर– 72–212ए |

* वीटी–एबीए– लेसर के साथ समझौते के अनुसार, पट्टा अवधि 31 मार्च 2020 को समाप्त होने वाली थी। तदनुसार, 21 मार्च 2020 (दिल्ली/शिमला/दिल्ली और दिल्ली/कोलकाता) को अंतिम प्रचालन के बाद विमान को स्थायी रूप से ग्राउंड कर दिया गया था।

## तकनीकी विश्वसनीयता

वर्ष 2019–20 के दौरान विमानानुसार तकनीकी विश्वसनीयता इस प्रकार रही :

क) एटीआर 72–212ए (600) 99.05%

ख) एटीआर 42–320 98.28%

## विमान उपयोगिता

वर्ष 2019–20 के दौरान विमान उपयोग इस प्रकार रहा :

क) एटीआर 72–600 52333:22 बीएच

ख) एटीआर 42–320 1144:41 बीएच

## विपणन पहल

| | |
|---|---|
| 31 मार्च, 2020 तक प्रचालित उड़ानों की कुल संख्या | – 738 उड़ानें / साप्ताहिक |
| 31 मार्च, 2020 तक एटीआर 72–600 द्वारा प्रचालित उड़ानों की कुल संख्या | – 718 उड़ानें / साप्ताहिक |
| 31 मार्च, 2020 तक एटीआर 42–320 द्वारा प्रचालित उड़ानों की कुल संख्या | – 20 उड़ानें / साप्ताहिक |
| 31 मार्च, 2020 तक स्टेशनों की कुल संख्या | – 61 |

## नए उड़ान / सम्पर्क

क) वित्तीय वर्ष 2019–20 में आरंभ की गई नई उड़ानें

- 25 अप्रैल, 2019 – चेन्नै / कोयम्बटूर / चेन्नै – दैनिक
- 15 मई, 2019 –बैंगलूरू / जम्मू / पूना / जम्मू / बैंगलूरू –134567 दिन (आरसीएस–जम्मू / पूना / चण्डीगढ़)
- 05 जून, 2019 – कोलकाता / रांची / भुवनेश्वर / झारसुगुड़ा – दैनिक (आरसीएस)
- 05 जून, 2019 – झारसुगुड़ा / भुवनेश्वर / रांची / भुवनेश्वर / झारसुगुड़ा – दैनिक (आरसीएस)
- 05 जून, 2019 – झारसुगुड़ा / रायपुर / कोलकाता – दैनिक (आरसीएस)
- 07 जून, 2019 – विशाखापत्तनम / विजयवाड़ा / बैंगलूरू / मैसूर एवं वापसी – 13567 दिन (आरसीएस–बैंगलूरू / मैसूर / बैंगलूरू)
- 19 जुलाई, 2019 – हैदराबाद / मैसूर / हैदराबाद – दैनिक (आरसीएस)
- 19 जुलाई, 2019 – मैसूर / कोच्ची / मैसूर – दैनिक (आरसीएस)
- 19 जुलाई, 2019 – मैसूर / बैंगलूरू / मैसूर – दैनिक (आरसीएस)
- 19 जुलाई, 2019 – मैसूर / गोवा / मैसूर – दैनिक (आरसीएस)
- 27 अक्तूबर, 2019 – नासिक / पूना / नासिक – दैनिक (आरसीएस)
- 11 नवम्बर, 2019 – पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान – चेन्नै / जाफना / चेन्नै – 136 दिन (वीजीएफ)
- 16 नवम्बर, 2019 – चण्डीगढ़ / धर्मशाला / चण्डीगढ़ – 123456 (आरसीएस)
- 18 नवम्बर, 2019 – नासिक / अहमदाबाद / काण्डला / अहमदाबाद / नासिक – 123456 दिन (आरसीएस)
- 26 नवम्बर, 2019 – हैदराबाद / हुबली / हैदराबाद – दैनिक (आरसीएस)
- 07 दिसम्बर, 2019 – गुवाहाटी / दीमापुर / इम्फाल / दीमापुर / गुवाहाटी – 357 दिन (आरसीएस)
- 27 दिसम्बर, 2019 – बैंगलूरू / गुलबर्गा / बैंगलूरू – दैनिक (आरसीएस)

- 27 जनवरी, 2020 – कोलकाता/झारसुगुड़ा/कोलकाता – दैनिक (आरसीएस)
- 31 जनवरी, 2020 – भुवनेश्वर/वाराणसी/भुवनेश्वर – दैनिक (आरसीएस)

ख) आवृत्ति में वृद्धि

- 23 अप्रैल, 2019 – 9I 867/868 (हैदराबाद/पूना/हैदराबाद)–दैनिक प्रचालन आईएसओ 5/साप्ताहिक
- 28 जुलाई, 2019 – 9I 857/858 (दिल्ली/देहरादून/दिल्ली)– दैनिक प्रचालन
- 29 अगस्त, 2019 – 9I 831/832 (दिल्ली/चण्डीगढ़/दिल्ली)– प्रस्थान दिल्ली 1815 और प्रस्थान चण्डीगढ़ 1950
- 27 अक्तूबर, 2019 – 9I 625/626 (मुम्बई/भुज/मुम्बई)– दैनिक आईएसओ 4 उड़ान/साप्ताहिक
- 15 नवम्बर, 2019 – 9I 623/624 (मुम्बई/दीव/मुम्बई)– दैनिक आईएसओ 4 उड़ान/साप्ताहिक

## उत्तर–पूर्व प्रचालन

एलाइंस एअर, नागर विमानन मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन के तहत उत्तर पूर्वी क्षेत्र में एटीआर 42 प्रकार के विमानों के साथ उड़ानों का प्रचालन कर रही है। मार्ग समयावली उत्तर पूर्वी परिषद के परामर्श से तय की गयी है और विमान पूरी तरह से तैनात हैं। निम्नलिखित उड़ानों का प्रचालन किया जा रहा है:

1- कोलकाता/गुवाहाटी/तेजपुर/गुवाहाटी/कोलकाता – साप्ताहिक 3 उड़ानें
2- कोलकाता/गुवाहाटी/पासीघाट/गुवाहाटी/कोलकाता– साप्ताहिक 4 उड़ानें
3- कोलकाता/शिलॉग/कोलकाता – दैनिक (नई सीधी उड़ान 10 अगस्त, 2019 से प्रभावी)

10 अगस्त 2019 से प्रभावी, एलाइंस एअर ने कोलकाता/शिलांग /कोलकाता सेक्टरों में अपने उड़ान प्रचालन को वापस ले लिया क्योंकि इन क्षेत्रों को आरसीएस–उड़ान राउंड 3 में इंडिगो एयरलाइंस को दे दिया गया था। उत्तर पूर्व प्रचालन का पुनर्गठन 10 अगस्त 2019 से किया गया और निम्नलिखित उड़ानें प्रचालित की जा रही हैं:

कोलकाता/लीलाबाड़ी/कोलकाता – दैनिक
कोलकाता/गुवाहाटी/तेज़पुर/गुवाहाटी/कोलकाता– साप्ताहिक 3 उड़ानें
कोलकाता/गुवाहाटी/पासीघाट/गुवाहाटी/कोलकाता – साप्ताहिक 4 उड़ानें

07 दिसंबर 2019 से एलाइंस एअर ने गुवाहाटी/दीमापुर/इम्फाल/दीमापुर/गुवाहाटी सेक्टरों पर उड़ान शुरू की जो क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (आरसीएस) –उड़ान राउंड 3 योजना में दिए गए थे।

## क्षेत्रीय सम्पर्क योजना (आरसीएस)

एलाइंस एअर 27 अप्रैल, 2017 से शिमला/दिल्ली सेक्टर पर उड़ान प्रारंभ करने वाली पहली एयरलाइन थी, उड़ान को भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी ने फ्लैग ऑफ किया था।

भारत सरकार की क्षेत्रीय सम्पर्क योजना (आरसीएस)– उड़ान (UDAN) के प्रथम राउंड के तहत भारत सरकार द्वारा एलाइंस एअर को 17 रूट दिए गए थे। एलाइंस एअर ने आबंटित सभी उड़ानों को आरंभ कर दिया।

क्षेत्रीय सम्पर्क योजना (आरसीएस) उड़ान राउंड 2 में, एलाइंस एअर को 26 रूट प्रदान किए गए, जिसमें से 8 रूट में प्रचालन आरंभ किया जा चुका हैं। हालांकि, आरसीएस राउंड 2 के तहत कुछ मार्गों को शुरू नहीं किया गया है क्योंकि शोलापुर, दुमका और बोकारो में हवाई अड्डे प्रचालनात्मक नहीं हैं।

क्षेत्रीय सम्पर्क योजना (आरसीएस) उड़ान राउंड 3 में एलाइंस एअर को 40 रूट दिए गए हैं। हालांकि, आरसीएस राउंड 3 के तहत कुछ मार्गों पर प्रचालन आरंभ नहीं हुआ है क्योंकि कलाईकुंडा, कोटा, अमरावती, केशोड और राउरकेला में हवाई अड्डे प्रचालनात्मक नहीं हैं।

क्षेत्रीय सम्पर्क योजना (आरसीएस) उड़ान राउंड 3.1 में एलाइंस एअर को 12 रूट दिए गए हैं। तथापि, आरसीएस राउंड 3.1 के तहत कुछ मार्गों पर प्रचालन प्रारंभ नहीं हुआ है क्योंकि सिंधुदुर्ग, रत्नागिरि और हजारीबाग में हवाई अड्डे प्रचालनात्मक नहीं हैं। लखनऊ/गोरखपुर/ लखनऊ सेक्टरों में उड़ानें 01 नवंबर 2020 से शुरू होना प्रस्तावित है।

एलाइंस एअर ने आरसीएस– उड़ान के तीन राउंड में दिए गए 95 मार्गों में से 61 मार्गों को आरंभ किया है। शेष मार्गों पर उड़ानें शुरू करने हेतु सभी प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं, बशर्ते, एटीआर 72 प्रकार के विमानों के प्रचालन के लिए एयरपोर्ट प्रचालनात्मक हों।

## 2019–20 के लिए उपलब्धियां/महत्वपूर्ण बातें

- स्वतंत्र रूप से कॉल सेंटर की गतिविधियों की निगरानी के लिए नए अनुभाग ''केंद्रीय मॉनीटरिंग यूनिट'' का गठन किया गया।
- टेली–चेक–इन आरंभ किया गया।
- सभी मूल्य निर्धारण संबंधी कार्यों जैसे नया किराया शुरू करना, किराया में संशोधन, आरसीएस तिमाही किराए में संशोधन, मूल्य निर्धारण परिपत्रों को वितरित करना, एआई ई–कॉमर्स और डीजीएल मासिक को किराया शीट भेजना और मूल्य निर्धारण के मुद्दे के लिए एसेल्या के साथ समन्वय करना को संभालने के लिए स्वतंत्र रूप से नया अनुभाग ''मूल्य निर्धारण'' बनाया गया है।
- आंतरिक और बाह्य, ब्रांडिंग, मीडिया संबंधों, जनसंपर्क, विज्ञापन, इवेंट, प्रचार सामग्री, कंपनी की वेबसाइट और सामाजिक मीडिया उपस्थिति, कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी, क्राइसेस संप्रेषण और संगठन में आंतरिक संप्रेषण और विभिन्न संप्रेषण आवश्यकताओं और रणनीतियों का प्रबंधन करने हेतु नए निगमित संप्रेषण अनुभाग का गठन किया गया।
- एलाइंस एअर की सभी शिकायतों को संभालने के लिए एक नया अनुभाग ''कस्टमर केयर'' बनाया गया। जिसके तहत हम वेब आधारित शिकायतें, आरटीआई, वायु सेवा शिकायतें, व्यक्तिगत शिकायतें, कानूनी नोटिसों और कानूनी मामलों को संभालते हैं।
- डायनामिक इनवेंटरी प्रबंधन द्वारा राजस्व प्रबंधन (आरएम) टीम ने खराब मौसम, क्रू की कमी, तकनीकी व्यवधान आदि के बावजूद अधिकतम राजस्व अर्जन में सफलता हासिल की। परिणामस्वरूप पिछले साल की तुलना में उच्च पैक्स (3%) और उच्च राजस्व (1%) प्राप्त किया।
- जब भी सीजन / घटनाओं / त्योहारों के कारण, आरएम टीम द्वारा इनवेंटरी में आवश्यकतानुसार विशेष मार्क अप या ब्लैकआउट किए गए।
- 'बाय ऑन बोर्ड' भोजन की सुविधा आरंभ की गई।
- हमारी पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान चेन्नै/जाफना/चेन्नै मार्ग पर आरंभ की गई।
- कोविड–19 (लाइफलाइन उड़ान के तहत कार्गो राहत उड़ानें)।
- बिक्री हेतु बैठकें, कवरेज, ब्रांड दृश्यता, स्टेशन का दौरा और व्यापार के साथ नियमित रूप से जुड़ाव।
- वीडियो कॉन्फरेंस के माध्यम से अतिरिक्त बैठकें आयोजित की गई।

## पुरस्कार एवं यात्रा ट्रेड शो व्यापार भागीदारी

- विंग्स इंडिया अवार्ड्स और बीएम मुंजाल अवार्ड्स में भागीदारी/मीडिया इंटरैक्शन। जनसंपर्क से संबंधित बैठकों, सम्मेलनों, सेमिनारों और कार्यशालाओं में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ समन्वय।

- एलाइंस एअर ने भारत सरकार की आरसीएस और उड़ान योजना के तहत सक्रिय भागीदारी के लिए विंग्स इंडिया 2020 का पुरस्कार जीता।

- अंतरराष्ट्रीय व्यापार ट्रेड शो जैसे **सैटे / ट्रैवल टेक्नोलॉजी समिट / ओटीएम / आईटीएम / विंग्स इंडिया** इवेंट्स में भाग लेने/ मीडिया इंटरेक्शन / प्रचार गतिविधियों / प्रचार सामग्री आबंटन से अनुकूल प्रचार, अच्छी कॉर्पोरेट छवि, सद्भावना और ब्रांड प्रचार प्राप्त हुआ।

## सीएसआर गतिविधियां

- सीड बॉल वर्कशॉप : एनजीओ द्वारा आयोजित वर्कशॉप के दौरान एलाइंस एअर के कर्मचारियों ने सीड बॉल बनाना सीखा और एनसीआर में लगाए जाने वाले सीड बॉल बनाकर 1 लाख सीड बॉल लगाने की पहल का हिस्सा बने।

- हरित सप्ताह : एलाइंस एअर ने 3 जून 2019 से 7 जून 2019 तक हरित सप्ताह मनाया। पर्यावरण विषय के साथ द्विभाषी बैनर, वृक्षारोपण, एलाइंस भवन के साइड यार्ड में 'ग्रीन ड्राइव', 'ईको–फ्रेंडली कैरिंग बैग प्रतियोगिता आयोजित की गई।

- एलाइंस एअर की ड्रीम फ्लाइट ': एलाइंस एअर ने 22 जनवरी 2020 को भुवनेश्वर में विशेष बच्चों के लिए 40 मिनट की ड्रीम फ्लाइट' का प्रचालन किया।

- नो प्लास्टिक अभियान : सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने पर प्रेस विज्ञप्ति/फ्लायर/सोशल मीडिया अभियान।

## अनुषंगी राजस्व

- राजस्व बढ़ाने के लिए, एलाइंस एअर में सहायक राजस्व समिति द्वारा हमारी ब्रांड छवि के अनुकूल व्यवहार्य और लाभदायक सहायक राजस्व विकल्पों का पता लगाया जा रहा है। समिति, एयरलाइन के प्रचालन ढांचे के अनुरूप हमारे उपलब्ध संसाधनों के अधिकतम उपयोग के माध्यम से सहायक राजस्व उत्पन्न करने के व्यवहार्य विकल्पों पर चर्चा करती है। निविदा दस्तावेजों को तैयार करने और जारी करने का उत्तरदायित्व समिति का है। सहायक राजस्व के प्रत्येक विकल्प के लिए आवश्यक विवरण, विनिर्देशों और अनिवार्य स्वीकृतियों के साथ अलग–अलग निविदा की आवश्यकता होती है, जिन्हें विभिन्न विभागों द्वारा सूचीबद्ध और फास्ट ट्रैक रखने की आवश्यकता होती है, सहायक राजस्व समिति में निम्नलिखित विभागों के प्रतिनिधित्व शामिल हैं: वित्त, सीएएम, एमएमडी, विपणन, निगमित संप्रेषण, खानपान, उड़ानगत सेवाएं और प्रचालन राजस्व उत्पन्न करने के लिए टेंडर करने हेतु मुख्य कार्यपालक अधिकारी, एएएएल द्वारा चयनित अनुषंगी राजस्व विकल्पों के अनुसार:

  क. ओवरहेड पैनलों पर थर्ड पार्टी के विज्ञापन के साथ स्वयं चिपकने वाला स्टिकर

  ख. केबिन बल्कहेड्स पर थर्ड पार्टी के विज्ञापन के साथ स्वयं चिपकने वाला स्टिकर

  ग. ट्रे टेबल्स पर थर्ड पार्टी के विज्ञापन के साथ स्वयं चिपकने वाला स्टिकर

  घ. थर्ड पार्टी के विज्ञापन की उड़ान उद्घोषणा

  उपरोक्त विकल्पों के लिए निविदाएं तैयार की गई हैं और इन्हें मार्च 2020 में प्रकाशित किया जाना है, जिसे आगामी वर्ष में अधिक विकल्पों के साथ ध्यान में रखा जाएगा।

  - न्यूनतम प्रभार
  - तार के एक भाग के रूप में जीडीएस शुल्क प्रारंभ
  - अतिरिक्त सामान प्रभार पर कड़ाई
  - बाय ऑन बोर्ड भोजन सुविधा प्रारंभ
  - नया पीएसएस आरंभ होने पर सीट शुल्क/सुविधा शुल्क/टिकट रसीद प्रिंट के माध्यम से सहायक राजस्व शुरू करना

## भावी योजनाएं

- वेब चैक–इन प्रारंभ करना।
- अंतरर्देशीय से अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्रों को जोड़ने के लिए थ्रो किराए प्रारंभ करना।
- सभी समावेशी किराया शीट्स प्रारंभ करना।
- प्रतियोगी किराए का विश्लेषण करने के लिए मूल्य निर्धारण उपकरण सॉफ्टवेयर (जिसके आधार पर हम अपने किराए और इनवेंटरी को जोड़ सकते हैं)।
- नए पीएसएस प्रारंभ करने पर, नए कॉल सेंटर विक्रेता से सेवा लेना, जिसकी निगरानी सीएमयू अनुभाग द्वारा की जाएगी।
- मौजूदा कॉल सेंटर सेवाएं एआई कॉल सेंटर के माध्यम से प्रदान की जा रही हैं, एएएएल ने कॉल सेंटर सेवाएं प्रदान करने के लिए एक नए विक्रेता का चयन किया है। वर्तमान में लागू शुल्क की तुलना में एफटीई शुल्क बहुत कम होगा।
- नए पीएसएस को प्रारंभ करना जो न केवल वितरण लागत को बचाने में मदद करेगा बल्कि बाजार को और गति देगा।
- हमारे अपने भुगतान गेटवे को प्रारंभ करना।
- अपनी खुद की वेबसाइट को प्रारंभ करना, निश्चित रूप से हमारे ग्राहकों के साथ बेहतर तरीके से जुड़ने में हमारी मदद करेगा।
- हमारे सभी कॉल सेंटर में मोबाइल वॉलेट के माध्यम से भुगतान स्वीकार किया जाएगा।
- अंतर्राष्ट्रीय 'उड़ान' (UDAN) में भागीदारी।
- चार्टर व्यवसाय पर ध्यान देना।

## मीडिया प्रबंधन (डिजिटल और पारंपरिक)

- **फेसबुक, इंस्टाग्राम, लिंक्डइन, ट्विटर** को इमेज, फ्लायर, बैनर, वीडियो, एनिमेशन, क्रिएटिव, प्रशंसापत्र, प्रभावशाली पोस्ट, लेख, क्यूरेट सामग्री के साथ आक्रामक रूप से लॉन्च किया गया। 2018 में एक नगण्य सोशल मीडिया उपस्थिति से हटकर, एलाइंस एअर का अब सोशल मीडिया हैंडल पर बहुत बड़ा प्रशंसक और फोलोअर बेस है।
- **खोज इंजन पर ऑरगेनिक सर्च परिणाम** एलाइंस एअर की वायरल सामग्री के लिए किसी भी आबंटित व्यय के बिना, सीधे लिंक दिखाते हैं और विभिन्न ऑडियेन्स समूहों को लक्षित करने की कंटेट रणनीति काफी हद तक सफल रही है। पसंद, टिप्पणी और शेयर के रूप में दर्शकों का जुड़ाव इसका प्रमाण है।
- **इन्फ्लुएंसर/सेलिब्रिटी/ मंत्रालय री–ट्वीट/ री–शेयर/ एलाइंस एअर की सामग्री की सोशल शेयरिंग।** माननीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी, श्री प्रहलाद जोशी, श्री एन.बीरेन सिंह, नागरिक विमानन मंत्रालय, एएआई, प्रमुख पत्रकार जैसे श्री रिफत जावेद, अभिनेत्री श्रीमती तारिका मेहता और कई अन्य जैसे माननीय मंत्रियों व अन्य ने एलाइंस एअर कंटेट को सोशल मीडिया पर सक्रिय रूप से शेयर किया है और जिससे ब्रांड पहचान और विश्वसनीयता प्राप्त हुई।
- अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/स्थानीय मीडिया जैसे सीएपीए, सप्ताह, आउटलुक, टाइम्स समूह, हिंदू आदि में प्रेस विज्ञप्ति/ मॉनिटरिंग/**उद्धरण** ।
- क्षेत्रीय थीम/क्षेत्रीय मीडिया रिलीज/क्षेत्रीय संबद्धता प्रचार सामग्री पर फोकस सहित नए स्टेशन लॉच/उद्घाटन।

- भर्ती **विज्ञापनों** के लिए वैश्विक/राष्ट्रीय/स्थानीय मीडिया में विज्ञापन, टेंडर नोटिस, लीजिंग, रोड शो/उपयुक्त मीडिया आउटलेट्स जैसे फ्लाइट इंटरनेशनल पत्रिका, फाइनेंशियल टाइम्स आदि के साथ प्रमोशन।
- प्रोएक्टिव पब्लिसिटी प्री–इम्पटिंग क्राइसिस और तदनुसार मीडिया संप्रेषण की योजना बनाने के परिणामस्वरूप अब तक एयरलाइन के बारे में मीडिया में नकारात्मक कवरेज नहीं हुई है।
- एविएशन टाइम्स, ट्रैवल ट्रेड इनसाइडर, बिजनेस स्टैंडर्ड जैसी अंतरराष्ट्रीय यात्रा पत्रिकाओं में एलाइंस एअर के सीईओ के लिए **कवर पेज प्रेस साक्षात्कार।**
- **पत्रकारों के टेस्टीमोनियल व कवरेज** चेन्नै में प्रमुख 5 मीडिया पत्रकारों (हिंदू, टाइम्स नेटवर्क, न्यू इंडियन एक्सप्रेस, डेली थांती, पीटीआई) ने एलाइंस एअर की पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान पर यात्रा की और एलाइंस एअर की एकल अंतरराष्ट्रीय पहल के बारे में अभूतपूर्व कवरेज दी।
- **केरल में बाढ़ की मीडिया कवरेज।**
- **चक्रवात फनी के दौरान सबसे पहले लैंडिंग का कवरेज**
- **विजाग गैस रिसाव की घटना के दौरान रासायनिक स्टेबलाइजर्स और एनडीआरएफ टीम के परिवहन का कवरेज**
- **रोड शो की मीडिया दृश्यता**
- **शुभ यात्राः** एयर इंडिया की इन–फ्लाइट पत्रिका शुभ यात्रा में एलाइंस एअर के नए मार्गों, सीएसआर गतिविधियों की उपलब्धियों पर लेख और फीचर
- **आवाहनः** त्रैमासिक पत्रिका आवाहन में कर्मचारी आंतरिक संप्रेषण/घटनाओं/ एलाइमेंट पर ध्यान केंद्रित करते हुए लेख व फीचर के परिणामस्वरूप कर्मचारियों के बीच सकारात्मक और सूचित कार्य संस्कृति का विकास और प्रेरणा।
- **वेबसाइट अपडेटः** एयर इंडिया वेबसाइट पर रंगीन बेस निर्धारित क्षेत्रीय मार्ग का नक्शा और शेड्यूल अपडेट किया गया।
- **वेबसाइट सामग्रीः** एलाइंस एअर वेबसाइट के लिए हीरो, बैनर और टिकर बैनर बनाए गए, वेब पेजों के लिए कंटेंट जॉच।
- **सामग्री और प्रचारः** क्षेत्रीय मार्गों के नक्शे और गंतव्य सूचियों के साथ पैम्पलेट/फ्लायर/ई–कार्ड।
- **गवर्नेंस में प्रौद्योगिकीः** एलाइंस एअर अपनी सर्वोत्तम पद्धति, केस स्टडीज, निहित ज्ञान, सफलता नवाचारों को साझा करने के लिए सीपीएसई के लिए एक पोर्टल के रूप में व्यापक मंच, समन्वय में शामिल हो गए।
- **सामग्री विश्लेषणः** ग्राहक प्रतिक्रिया सामग्री विश्लेषण और संरचना।
- **कॉफी टेबल बुकः** एलाइंस एअर चेन्नै–जाफना की पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान को एयरलाइन की एकल अंतर्राष्ट्रीय पहल के स्वर्णिम क्षणों को कैप्चर करते हुए एक उत्कृष्ट कॉफी टेबल बुक के रूप में तैयार किया गया।
- **आंतरिक संप्रेषण इवेंट्सः एलाइंस एअर रिकॉग्निशन अवार्ड्स**, हल्दी वाली होली, भारत के रंग, एलाइंस एअर के संग!, 'अपने सपनों की महिला बनें', स्वच्छता पखवाड़ा, रंगों वाली दिवाली! अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, ध्यान सत्र।
- **कोविड 19 कम्युनिकेशनः** वीडियो, फ्लायर्स, बैनर व लाइफलाइन 'उड़ान' के तहत कॉम्बो कोरोना चुनौतियों का सामना करते हुए भारत भर में कार्गो उड़ानों की तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल, प्रेस और मीडिया प्लेटफॉर्म पर लॉन्च की गई। केबिन क्रू कोविड एबीसी, केबिन क्रू इंस्ट्रक्शन, विंग्स ऑफ पैशन, सोशल डिस्टेंसिंग, सैनिटाइजेशन वीडियो, कार्गो ऑपरेशन्स क्रिएटिव्स, कोरोना के संबंध में क्या करना है और क्या नहीं करना है वीडियो, जागरूकता सावधानी व रोकथाम, मैसेज। लाइफलाइन 'उड़ान' UDAN के तहत कार्गो प्रचालन की प्रशंसा करते हुए किसी भी एयरलाइन का प्रथम रैंप एन्थम तैयार किया गया और माननीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर री–शेयर किया गया।

- **लॉकडाउन के पश्चात् उड़ान आरंभ संप्रेषण** : सुरक्षा पहले थीम, कड़े उपायों और यात्रा प्रक्रिया के एसओपी, भौतिक दूरी , टेली चेक–इन और आरोग्य सेतु चेकों से सामान सीमा, सैनिटाइजेशन, सुरक्षा किट का वितरण, टर्मिनल पर तापमान जाँच, हर कदम पर सोशल डिस्टेंसिंग, रिवर्स जोन बोर्डिंग प्रक्रिया, इन–फ्लाइट एहतियात क्रमिक और सामाजिक रूप से दूर सहित आगमन। सुरक्षा निगरानी वाले सामान के संग्रह और निकास के साथ सुनिश्चित करने वाली सामग्री।

## आरसीएस मार्गों के तहत उड़ान प्रचालन

एलाइंस एअर का मुख्य फोकस क्षेत्रीय कनेक्टिविटी है, इसलिए माननीय प्रधानमंत्री द्वारा आरंभ की गई क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना ''उड़ान'' में प्रमुख प्रतिभागिता है।

एलाइंस एअर प्रतिदिन 104 उड़ानों का संचालन करती है, जिनमें से 47 आरसीएस रूट पर हैं।

क्षेत्रीय कनेक्टिविटी प्रदान करने के अलावा आरसीएस मार्ग पर प्रचालन करने की व्यावसायिक संभावना से महत्वपूर्ण लाभ यह है कि सब्सिडी दी जाती है और सरकार द्वारा 50% क्षमता पर वीजीएफ प्रदान किया जाता है। मार्गों पर प्रचालन करने का और लाभ है। 3 साल की विशिष्टता है यानि 3 साल की अवधि के लिए है कोई अन्य एयरलाइन आरसीएस सेक्टर पर एक वाणिज्यिक मार्ग संचालित नहीं कर सकती है।

| | कुल | % शेयर |
|---|---|---|
| वाणिज्यिक | 18,480 | 60% |
| आरसीएस | 9,451 | 31% |
| वीजीएफ | 2,718 | 9% |
| **सकल योग** | **30,649** | **100%** |




## प्रतिस्पर्धा में बढ़त बनाए रखने और राजस्व बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमः

- इनवेंटरी प्रबंधन सीजन/इवेंट/त्योहारों के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से किया गया था। आवश्यकतानुसार विशेष मार्क अप या ब्लैकआउट किए गए।
- बुकिंग कर्व को रोकने के लिए अग्रिम बिक्री पर ध्यान।
- चेन्नै–जाफना–चेन्नै मार्ग पर हमारी पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान की शुरूआत।
- विक्रय बैठकें, कवरेज, ब्रांड दृश्यता, स्टेशन का दौरा और व्यापार के साथ नियमित रूप से जुड़ाव।

- सहायक राजस्व उत्पादन पर आक्रामक रूख, क्यूट शुल्क, वायर के एक भाग के रूप में जीडीएस शुल्क प्रारंभ करना अतिरिक्त सामान प्रभार, बाय ऑन बोर्ड ।
- वाईआर और वाईक्यू का परिचय, प्रतियोगिता से मिलान करने के लिए वाईक्यू और अन्य दंड का संशोधन।
- बिक्री को आगे बढ़ाने के लिए शुरू की गई विभिन्न प्रचार योजनाएँ – गणतंत्र दिवस की बिक्री /ट्रेन से नहीं प्लेन से/ स्वतंत्रता दिवस की बिक्री/नए सेक्टर परिचय किराया।

**वर्ष 2019–20 के दौरान किराए में वृद्धि**

- 01 फरवरी 2019 से वाईआर प्रारंभ आगे संशोधन और – 11 नवंबर 2019 और 29 अप्रैल 2020 तक प्रारंभ करना।
- 01 जून 2018 से दिल्ली/चेन्नै/मुम्बई वाईक्यू की शुरूआत ।
- 19 फरवरी 2019 (केवल एक्स–मुम्बई) से वाईक्यू का संशोधन
- 21 जनवरी 2020 से पैनेल्टी में संशोधन 2500 भारतीय रुपए से 3000 भारतीय रुपए में (परिवर्तन/रद्द/नो–शो)
- दक्षिण और पश्चिम सेक्टर (अप्रैल–मई और अक्टूबर–जनवरी) मध्य आरबीएस के किराए में 5 –10% तक की वृद्धि।
- उत्तर और पूर्व क्षेत्र (मई–जून और अक्टूबर–जनवरी) मध्य आरबीएस के किराए में 5 –10% तक की वृद्धि।
- कोविड–19 के वर्तमान परिदृश्य में – डीजीसीए द्वारा निर्देशित किराया स्तर बनाए रखना।
- बिजनेस क्लास किराया प्रारंभ ( चेन्नै एवं जाफना)।
- प्रथम अंतर्राष्ट्रीय मूल्य निर्धारण ( चेन्नै एवं जाफना) प्रारंभ।

**पैक्स/कार्गो के लिए विभिन्न प्रचार योजनाएँ**

**क) पैक्स के लिए प्रचार योजनाएँ**

- **गणतंत्र दिवस बिक्रय!** देखो भारत @979 ''979 से शुरू होने वाले किराए पर पूरे भारत में उड़ान भरें''
- **एलाइंस एअर** – एयरलाइन जो प्रेम का उत्सव मनाती है! सेलिब्रिटी टेस्टिमोनियल होलीनेस दलाई लामा, एलाइंस एअर से यात्रा करने वाले बॉलीवुड और क्रिकेट हस्तियों द्वारा की गई प्रशंसा को एयरलाइन के सभी सोशल मीडिया हैंडल पर प्रबलता से पेश किया गया है। प्रसिद्ध पत्रकार श्री रिफत जावेद ने एलाइंस एअर की सराहनीय इफ्तार सेवा के बारे में ट्वीट किया, जिसे जनता के बीच अधिकतम पहुंच के लिए एक वीडियो और सोशल मीडिया अभियान में बदल दिया गया, सोशल मीडिया पर प्रसिद्ध टीवी अभिनेत्री सुश्री श्रद्धा मुसले (सीआईडी, डॉ. तारिका) का वीडियो साक्षात्कार जिसमें उन्होंने एक वीडियो के माध्यम से एयरलाइन के बारे में संदेश दिया।
- **विश्व पर्यटन दिवस अभियान!** यात्रा और पर्यटन को प्रोत्साहित करने वाले फ्लायर और बैनर के साथ सोशल मीडिया हैंडल पर।
- **ट्रेन से नहीं विमान से!** एलाइंस एअर एक प्रमुख क्षेत्रीय अंतर्राष्ट्रीय एयरलाइन है, जो प्रतिस्पर्धी किरायों पर परिवहन के तेज मोड उपलब्ध कराने हेतु उच्च घनत्व ट्रेन यातायात के साथ प्रतिस्पर्धा करती है। यह महानगरों और उसके आगे के त्वरित कनेक्शन की क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करता है। यह उन शहरों के लिए भी कनेक्टिविटी प्रदान करता है जो अब तक हवाई सम्पर्क से जुड़े नहीं हैं। रेल/ट्रेन यात्रियों को उड़ान का अनुभव उपलब्ध करवाने हेतु ट्रेन के किराए से सस्ते हवाई टिकट को प्रमोट करने का एक अभियान।
- **स्वतंत्रता दिवस विक्रय कार्निवाल**! स्वतंत्र भारत की उड़ान सस्ती हवाई किराए के साथ घूमो भारत।

- **जाफना जाएंगे!** जाफना पर्यटन अभियान हमारे सभी सोशल मीडिया हैंडल पर जाफना में पर्यटन स्थलों और गतिविधियों के प्रछन्न राजस्व अवसरों को उजागर करता है। इस अभियान ने सोशल मीडिया पर बहुत से लाइक, कमेंट और सक्रिय जुड़ाव की शुरुआत की।

एलाइंस एअर द्वारा चेन्नै–जाफना की पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान को एयरलाइन के एकल अंतरराष्ट्रीय मंच के क्षणों को कैप्चर करते हुए एक **उत्कृष्ट कॉफी टेबल बुक** में बदल दिया गया था।

**ख**) कार्गो के लिए प्रचार योजनाएं

एलाइंस एअर ने वित्तीय वर्ष 19–20 के लिए 433 टन कार्गो का वहन किया, जबकि वित्त वर्ष 18–19 के दौरान 115 टन कार्गो पंजीकृत था। वित्तीय वर्ष 19–20 में कार्गो वहन में 276% की वृद्धि देखी गई।

पिछले वित्तीय वर्ष में पंजीकृत 27.33 लाख रुपए के मुकाबले, वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए कार्गो राजस्व बढ़कर लगभग 1.13 करोड़ रुपए हो गया, यानि कार्गो राजस्व में 296% वृद्धि देखी गई थी।

**अतिरिक्त सेवाओं/सुविधाओं सहित यात्री सुविधाएं और खाद्य सेवाएं।**

- **गो ग्रीन पहलः** भारत सरकार के **''गो ग्रीन''** आंदोलन के संदर्भ में, **एलाइंस एअर** ने कुछ कदम उठाए हैं:
- 1 अक्टूबर 2019 से सभी प्रचालनात्मक उड़ानों पर प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।
- **प्रदूषण को कम करने के लिए, एलाइंस एअर ने सभी खानपान वस्तुओं की** पैकेजिंग के लिए कलिंग सेलो रैप के स्थान पर बटर पेपर के उपयोग की पहल की है।
- 200 मिलीलीटर प्लास्टिक की पानी की बोतलों के स्थान पर 200 मिलीलीटर पेपर कप का प्रयोग।
- **बाय ऑन बोर्ड (बी.ओ.बी.) पहलः** एलाइंस एअर ने कैफे कॉफी डे (सीसीडी) खानपान सेवाओं के साथ समझौता किया है। इस ऑन–बोर्ड बिक्री सेवा में 1 फरवरी 2020 से 23 मार्च 2020 तक धर्मशाला मार्ग (ट्रायल फेज) पर सेवा प्रदान की जाएगी। इससे हमें खानपान लागत कम करने में मदद मिलेगी और ग्राहक को विभिन्न विकल्प भी मिलेंगे।

**अपनाए गए विभिन्न किफायती उपायों विशिष्ट वस्तुओं/क्षेत्रों पर प्रकाश डालते हुए उपलब्धियां, बचाई गई राशि की मात्रा।**

- एएएएल नई पीएसएस में परिवर्तन की प्रक्रिया में है।
- कोविड–19 परिदृश्य के दौरान भोजन सेवा बंद कर दी गई।
- एयर इंडिया ने सितंबर 2019 से अपना स्वयं का भुगतान गेटवे शुरू किया, जिसके कारण हमारी और साथ ही एयर इंडिया की लागत में बचत हुई।

अतिरिक्त सेवाओं/सुविधाओं सहित यात्री की सुविधा और खाद्य सेवाएं।

**इंजीनियरिंग पहल**

**वर्ष 2019–20 की अवधि के दौरान अपनाए गए किफायती उपाय और उपलब्धियां:**

कोविड–19 के संकट के कारण, एएएएल ने विभिन्न लेसर और सर्विस प्रोवाइडर के साथ भुगतानों में डिस्काउंट/ भुगतान देरी से करने के लिए समझौते किए और भुगतान में 9.9 मिलियन अमरीकी डालर तक के समझौते हुए। सक्षम प्राधिकारी के उचित अनुमोदन के पश्चात् संबद्ध शर्तों (जैसे कि बकाया भुगतान का निपटान और समझौते की अवधि बढ़ाना) को पूरा करने पर ही लाभ प्राप्त होगा।

दो पुराने पीडब्ल्यू121 इंजनों के साथ एक नए पीडब्ल्यू127एम इंजन का विनियम यूएसडी 1.95 मिलियन की अतिरिक्त लागत के

साथ जिससे दो पुराने इंजनों के लिए यूएसडी 1,162,831 का अधिकतम पुनर्विक्रय मूल्य प्राप्त हुआ।

एटीआर 42–320 विमान के पुराने हिस्से जो एटीआर 72–600 विमान के साथ संगत हैं, उन्हें वीटी–एबीए और वीटी–एबीबी से हटा दिया जाएगा और कालान्तर में अनुमोदित शॉप से ऐसे हिस्सों का पुनः प्रमाणीकरण करने के बाद, भविष्य में एएएएल बेड़े पर प्रयोग हेतु फ्लोट में रखा जाएगा।

चूंकि, एएएएल के विमान बेड़े में एटीआर 42–320 विमान परिचालन में नहीं है, इसलिए एएएएल खुले बाजार में वीटी–एबीए एवं वीटी–एबीबी, एटीआर 42–320 के विशेष पूर्जों को बेचने की संभावना का पता लगा रहा है।

**विमान तथा पूर्जों व अन्य अधिशेष/अप्रचलित परिसम्पत्तियां, यदि कोई हो, का निपटान/वापसी**

दोनों वीटी–एबीए एवं वीटी–एबीबी, एटीआर 42–320 विमान लीज़कर्ता को रि–डिलीवर कर दिए गए हैं। तथापि, प्रचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एएएएल द्वारा लेसर से 1 यूएसडी लीज किराए की मामूली दर पर वीटी–एबीए, विमानों के लीज़ का विस्तार 31 मार्च 2019 तक करने का अनुरोध किया गया। समझौते अनुबंध के अनुसार, वीटी–एबीए की लीज़ समाप्ति के बाद, वीटी–एबीए और वीटी–एबीबी (ईएसएनः एसी 0096, ईएसएनः एसी0106, ईएसएनः एसी 0111 और ईएसएनः 121355) के सभी चार इंजन ''जैसी स्थिति में है'' की शर्तों के अनुसार वापस किए जाएंगें।

पुनर्वितरण निपटान के अनुसार, वीटी–एबीए और वीटी–एबीबी विमान के लेसर मैसर्स एसिया ऐरो हुल, का स्वामित्व एएएएल को स्थानांतरित करने के लिए सहमत हो गए। इसलिए, एमएमडी कोलकाता की प्रक्रियाओं के अनुसार विमान के हुल को नीलामी के माध्यम से निपटाया जाएगा।

इंजनों के पर्याप्त फ्लोट के लिए, दो पुराने पीडब्ल्यू121 इंजन ईएसएन 121261 और एटीआर 42–320 विमान के ईएसएन 121163 (वीटी–एबीओ पुराना) को मैसर्स पी एंड डब्ल्यूसी (एसईए) से वन पीडब्ल्यू127एम के साथ विनिमय किया गया है। इसलिए समझौते के अनुसार, इंजनों को मैसर्स पी एंड डब्ल्यूसी (एसईए) में भेजा जाना है।

**अन्य एयरलाइंस/संगठन को प्रदान की जाने वाली इंजीनियरिंग सेवाओं का विवरण और इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रमः–**

एआईईएसएल और एएएएल के बीच 29 जुलाई, 2013 के हस्ताक्षरित एमओयू के अनुसार, सभी एएमई को एएएएल से हटा कर एआईईएसएल में स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके बाद 1 जनवरी 2015 से एएएएल की सभी इंजीनियरिंग/रखरखाव/विमान संबंधित गतिविधियां एआईईएसएल द्वारा की जा रही हैं।

अतः एएएएल द्वारा अन्य एयरलाइनों/संगठनों को कोई इंजीनियरिंग सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई जा रही।

**2019–20 के बीच (क) उपस्कर व पूर्जे (ख) इनवेंटरी नियंत्रण (ग) पूंजीगत मदों के संबंध में आयात का सी आई एफ मूल्य (नई खरीद व मरम्मत नहीं की गई मदें)**

एअर इंडिया लिमिटेड, एमएमडी द्वारा रैमको प्रणाली से वर्तमान में नई खरीद, यदि कोई हो, नियंत्रित की जा रही है और एएएएल द्वारा पूर्जों/उपस्करों का केवल विनिमय नियंत्रित किया जा रहा है।

**विमान उपयोगिता, इंजीनियरों की उपलब्धता, नए मार्गों /सेवाओं, सुविधाओं के उपयोग आदि के संदर्भ में 2020–21 की योजना और बेड़े के विस्तार की योजना।**

दो नए एटीआर 72–600 विमानों के लिए निविदा जारी की गई थी और वित्तीय मूल्यांकन की प्रक्रिया जारी है।

**उड़ान सुरक्षा**

कम्पनी का अपना स्वतंत्र उड़ान सुरक्षा विभाग है जो डीजीसीए की आवश्यकताओं के अनुसार प्रोएक्टिव तरीके से काम करता है। उड़ान सुरक्षा विभाग प्रोएक्टिव कार्यों के तहत FOQA (उड़ान प्रचालन गुणवत्ता आश्वासन) जिसमें नियमित रूप से उड़ान डाटा की निरंतर मॉनिटरिंग आदि जैसे एसएसएफडीआर व सीवीआर तथा बेस स्टेशनों की आंतरिक सुरक्षा लेखा परीक्षा तथा एयरलाइन द्वारा प्रचालित लाइन स्टेशनों की सुरक्षा जांच जिसमें एयरफील्ड निरीक्षण, स्पॉट चैक, रैम्प जांच तथा कॉकपिट/केबिन निगरानी शामिल है, की जाती है।

वित्तीय वर्ष 2019–20 में कुल 51 घटनाएं रिपोर्ट की गई। डीजीसीए प्रतिनिधियों सहित कम्पनी के स्थायी जॉच बोर्ड (पीआईबी) द्वारा 40 घटनाओं की जांच की गई तथा पीआईबी के पास जांच हेतु 10 मामले (जनवरी–मार्च' 2020) लंबित हैं।

वर्ष 2019–20 में शून्य गंभीर घटनाएं रिपोर्ट की गई। वर्ष 2019–20 में 19 बर्ड हिट की घटनाएं हुईं परिणामस्वरूप 02 घटनाओं में मैसूर एवं कोयम्बतूर में विमान रेडोम को क्षति पहुंची। संबंधित एरोड्रम अधिकारियों के साथ–साथ इन घटनाओं के बारे में डीजीसीए को सुधारात्मक उपायों के लिए सूचित किया गया।

विमान की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उड़ान सुरक्षा विभाग द्वारा निम्नलिखित उपाय किए गए :

- नए एटीआर 72–600 विमान बेड़े हेतु नए 3D प्रस्तुतिकरण सहित FOQA सॉफ्टवेयर ले लिया गया है।
- नियामक मानकों के अनुसार इंसीडेंट के रूप में वर्गीकृत उड़ान घटना की जांच पड़ताल निदेशक वायु संरक्षा (उ. क्षे.) डीजीसीए के कार्यालय के सहयोग से एयरलाइन के जांच बोर्ड (Investigation Board) द्वारा की जाती है।
- स्थायी जांच बोर्ड की सिफारिशों को संबंधित विभागों को अनुपालन हेतु भेजा जाता है।
- एटीआर 72–600 व एटीआर 42–320 विमान बेड़े की लोड और ट्रिम शीट के अनुसार उड़ान बेड़े की मॉनीटरिंग मासिक आधार पर की जा रही है।
- बेस स्टेशनों/लाइन स्टेशनों की रैम्प जांच/स्पॉट जांच यादृच्छिक रूप से की जाती है।
- बेस स्टेशनों/लाइन स्टेशनों की सुरक्षा जांच सुरक्षा लेखा परीक्षा योजना के अनुसार की जाती है।
- FOQA कार्यक्रम के अनुसार केबिन क्रू को सचेत/एडवाइज्ड किया जाता है।
- प्रत्येक विभाग के कार्मिक को एसएमएस/जोखिम विश्लेषण प्रशिक्षण दिया गया है।

## प्रशिक्षण

एएएएल ने वर्ष 2019–2020 में भारतीय वायु सेना के 6 पायलटों की भर्ती की है और उन्हें एटीआर 72–600 पर पीआईसी के रूप में अपग्रेड किया है। बोईंग बेड़े से दो वरिष्ठ फर्स्ट ऑफिसर शामिल हुए और उन्हें एटीआर 72–600 पर पीआईसी के रूप में परिवर्तित कर दिया गया। एटीआर बेड़े के लगभग 6 वरिष्ठ फर्स्ट ऑफिसर पीआईसी अपग्रेड प्रोग्राम के विभिन्न चरणों में हैं। भारतीय पायलटों के साथ हमारे बेड़े को बढ़ाने के लिए पीआईसी और फर्स्ट ऑफिसर की भर्ती चालू है।

## गोइंग कंर्सन

वर्ष 2019–20 में एएएएल को **6,508.94 लाख रुपये** का प्रचालन लाभ हुआ। वर्ष 2018–19 में (14,734.59 लाख रुपए) के प्रचालन लाभ की तुलना में 2019–20 में राजस्व **1,18,115.39 लाख रु.** रहा जबकि 2018–19 में यह 83,627.83 लाख रु. था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 41.24% की वृद्धि दर्शाता है। 2019–20 में कुल यात्री वहन **16,39,757** था, जबकि 2018–19 में वहन किए गए यात्रियों की संख्या 15,97,382 थी, परिणाम स्वरूप पिछले वर्ष की तुलना में 2.65% की वृद्धि। 2018–19 में 51758 घंटे की तुलना में 2019–20 में उड़ान के ब्लॉक घंटे **53476** हैं, जिसके परिणामस्वरूप 3.31% की वृद्धि हुई है।

इंड एएस 116 को अपनाने के कारण वर्ष 2019–20 के लिए लाभ और हानि के विवरण में अतिरिक्त प्रभाव इस प्रकार है:

| क्र.सं. | खाता शीर्ष पर प्रभाव | हानि में (वृद्धि)/कमी लाख रुपए में |
|---|---|---|
| i. | अधिक मूल्यह्रास | (22,666.95) |
| ii. | अधिक वित्तीय लागत | (7,371.18) |
| iii. | लीज. किराए में कमी | 25,997.12 |
| iv. | विनिमय लाभ/लीज़ देयताओं की बहाली के कारण हानि | (19,769.85) |
| v. | **हानि में निवल वृद्धि** | **(23,810.85)** |

USD मुद्रा में ROE की वृद्धि के कारण, विदेशी वैण्डर को व्यय पिछले वर्ष की तुलना में 9.40% बढ़ गया है।

वर्ष 2018–19 में (29,232.34 लाख रु.) की तुलना में, 2019–20 में दिखाए गए लाभ/ हानि (20,100.06 लाख रु.) कंपनी की प्रचालन क्षमता में वृद्धि को दर्शाता है।

एअर इंडिया लिमिटेड द्वारा अपने परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन में सुधार के लिए अपनी समूह कंपनियों के लिए लागू टर्न एराउंड प्लान (टीएपी) तैयार किया गया है। भारत सरकार द्वारा एअर इंडिया लिमिटेड और इसकी सहायक कंपनियों के टर्न अराउंड हेतु फरवरी 2012 में टर्न एराउंड प्लान (टीएपी) को मंजूरी दे दी थी।

टीएपी के अनुपालन में, 2018–19 में 04 नए एटीआर–72–600 विमानों को शामिल करने के साथ इंडक्शन जारी रहा। वर्ष के अंत में बेड़े में 19 विमान (01 एटीआर–42 320 और 18 एटीआर–72 600) शामिल थे। एएएएल 15 विमानों को शामिल करने पर विचार कर रहा है, जिनमें से 02 एटीआर–42 320 के प्रतिस्थापन के लिए हैं। दो विमान एटीआर–72 600 हैं और एएएएल बोर्ड द्वारा अनुमोदित कर दिए गए हैं। कोरोलरी के रूप में, वित्त वर्ष 2020–21 में पहले चरण में कम से कम 08 विमान शामिल करने हेतु आवश्यक अनुमोदन और प्रक्रियाएं की जा रही हैं। एएएएल को आबंटित आरसीएस मार्ग प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए इंडक्शन की आवश्यकता होती है।

2018–19 के दौरान 1.60 मिलियन यात्रियों के मुकाबले एएएएल ने 2019–20 के दौरान 1.64 मिलियन यात्रियों का वहन किया। वर्ष 2019–20 में यात्री कैरीज में 2.65% की वृद्धि देखी गई। इसी प्रकार, नेटवर्क का 55 गंतव्यों से 61 गंतव्यों तक विस्तार हुआ, प्रतिदिन 109 प्रस्थान से 126 प्रस्थान और प्रति सप्ताह 607 उड़ानें से प्रति सप्ताह 735 उड़ानें प्रचालित की जा रही है। वित्त वर्ष 2018–19 की तुलना में वित्त वर्ष 2019–20 में 3.32% की वृद्धि के साथ 51758 ब्लॉक घंटे से विमान उपयोग बढ़कर 53477 ब्लॉक घंटे हो गया है।

एलाइंस एअर द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 में अर्जित 99,302.87 करोड़ रुपए के प्रचालन राजस्व की तुलना में वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु प्रक्षिप्त राजस्व लगभग 85,000 करोड रुपए है। सिद्धान्तः यह वृद्धि एएसकेएम में वृद्धि के अलावा एटीआर 72–600 विमान के औसत दैनिक 8.78 घंटे से बढ़कर 9.20 घंटे दैनिक वृद्धि के फलस्वरूप एटीआर 72–600 विमान के प्रभावी उपयोग में वृद्धि के कारण है।

कंपनी द्वारा उत्तर पूर्वी क्षेत्र जैसे असम में गुवाहाटी, लीलाबाड़ी, तेजपुर, मेघालय में शिलांग और अगाती और दीव हेतु वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) व्यवस्था के तहत एनईसी और एमएचए के अनुरोध पर प्रचालन जारी रखा गया। ये मार्ग परिचालनात्मक दृष्टि से लाभप्रद हैं।

कंपनी भारत सरकार की योजना 'उड़ान' में एक प्रमुख प्रतिभागी के रूप में उभरी है, जो गैर–सेवित/अल्पसेवित एयरपोर्टों के विकास के साथ विभिन्न टायर II और टायर III शहरों को जोड़ती है। टायर II और टायर III शहरों में वृद्धि अभी भी काफी हद तक अप्रयुक्त है और एलाइंस एअर के इन छोटे हवाई अड्डों पर प्रचालन के लिए उपयुक्त नवीन एटीआर 72–600 बेड़े के साथ सबसे बड़े खिलाड़ी के रूप में उभरने की संभावना है।

कंपनी ने भारत सरकार की 'उड़ान' योजना में प्रमुख संसाधनों का निवेश करने के लिए रणनीतिक योजना बनाई है। 'उड़ान' के तहत एयरलाइन का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है, जिसमें कंपनी का प्रचालन सकारात्मक रहा है। कंपनी 31 मार्च 2019 तक 29 'उड़ान' मार्गों पर प्रचालन कर रही थी, जो वर्तमान में 31 मार्च 2020 को बढ़कर 61 मार्गों पर पहुंच गई है। एलाइंस एअर वित्त वर्ष 2019–20 से 10% की वृद्धि पर 58% उड़ान मार्गों पर प्रचालन कर रही है। कम्पनी द्वारा उड़ान–4 में सक्रिय रूप से भाग लिया गया व अंतिम आबंटन प्रतीक्षित है। कंपनी द्वारा कुल 95 उड़ान मार्ग हासिल किए गये। 'उड़ान' क्षेत्रों पर अधिक संसाधनों को तैनात करके एलाइंस एअर लाभप्रदता की ओर अग्रसर हो रही है।

कंपनी लगातार हानिप्रद मार्गों का मूल्यांकन भी कर रही है, और सोच विचार कर इन मार्गों से प्रचालन को उच्च राजस्व आय वाले मार्गों में स्थानांतरित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि कंपनी ने उड़ान राउंड 3 और 3.1 में भाग लिया है व परिणामतः कम्पनी को 52 और मार्ग आवंटित किए गए हैं। ऐसे मार्गों पर कंपनी की कुल दावेदारी अब 95 पर है।

एयरलाइन यील्ड बढ़ा रही है और साल के अंत में औसत यील्ड 4,132 रु. प्रति यात्री था। इसके अलावा कंपनी ने लागत में कमी के लिए लागत बचत उपायों को लागू किया है।

विमान पट्टे पर लेना, आरक्षण प्रणाली, सूची प्रबंधन, एसएपी इत्यादि के लिए कॉर्पोरेट गारंटी प्रदान करने और कंपनी की प्रचालन और वित्तीय गतिविधियों में सुधार के लिए किए गए अन्य विभिन्न उपायों के लिए एअर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से यह स्पष्ट है कि कंपनी ने वर्ष 2019–20 में प्रचालन लाभ अर्जित किया है व कंपनी की वित्तीय स्थिति में भविष्य में सुधार होने की अपेक्षा है।

एलाइंस एअर टर्नअराउंड की दहलीज पर है और अगले दशक में भारत में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी का नेतृत्व करने और एशिया का एक प्रमुख क्षेत्रीय वाहक बनने की ओर अग्रसर है। एलाइंस एअर ने इस वित्तीय वर्ष 2020–21 में प्रतिकूल वित्तीय मापदंडों की प्रवृत्ति को उलटने की योजना बनाई और इसके बाद लाभ को और मजबूत किया।

## जोखिम न्यूनीकरण नीति

कम्पनी द्वारा निरन्तर जोखिम धारणाओं को मॉनीटर किया जाता है तथा विविध क्षेत्रों के जोखिम को कम करने हेतु निवारक कार्रवाई की जाती है।

## आंतरिक नियंत्रण प्रणाली

कम्पनी द्वारा विभिन्न प्रकार के आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य करने, जैसे कर अनुपालन, जोखिम मूल्यांकन और कमी, आंतरिक नियंत्रण प्रक्रिया को मजबूत करना इत्यादि करने हेतु वर्ष 2019–20 के लिए मैसर्स के.के. सोनी एण्ड कम्पनी को आंतरिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया है।

अनुलग्नक–क

# निगमित प्रशासन पर रिपोर्ट

## 1. निदेशक मंडल

कम्पनी के संगम अनुच्छेद के अनुसार, कम्पनी में निदेशकों की संख्या 3 से कम और 12 से अधिक नहीं होगी।

### 31 मार्च, 2020 को निदेशक मंडल

| | |
|---|---|
| श्री राजीव बंसल | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक– एअर इंडिया लि.–अध्यक्ष |
| श्री प्रांजोल चन्द्रा | निदेशक, नागर विमानन मंत्रालय |
| श्रीमती कुसुम लता शर्मा | निदेशक (वित्त), नागर विमानन मंत्रालय |
| श्री विनोद हेजमाड़ी | निदेशक (वित्त) एअर इंडिया लि. |
| श्री प्रेम सिंह नेगी | क्षेत्रीय निदेशक–उत्तरी क्षेत्र, एअर इंडिया लि. |

वर्ष के दौरान बोर्ड की सभी बैठकों की अध्यक्षता अध्यक्ष द्वारा की गई। कंपनी की निष्पादन की सामयिक समीक्षा हेतु वर्ष के दौरान बोर्ड की 5 बैठकें आयोजित की गई, जिसमें VT-ABO विमान के 2 PW121 इंजनों का एक (1) PW127M इंजन से विनिमय, बोर्ड के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण नीति, एएएएल के वर्तमान 2 एटीआर 42-320 विमानों के स्थान पर 2 नए एटीआर 42-600 विमान, टीएपी के अनुसार विस्तार हेतु नए एटीआर–72 विमानों को बेड़े में शामिल करना, कम्पनी के नाम में बदलाव, कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुसार कम्पनी का ज्ञापन व संगम अनुच्छेद, MSME आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान हेतु TRED के साथ पंजीकरण, MSN 1197 (VT-AII) व 1226 (VT-AIT) विमान की लीज़ में संशोधन, विसल ब्लोअर नीति आदि।

## 2. बोर्ड प्रक्रिया

बोर्ड के निदेशक मण्डल की बैठकें आमतौर पर नई दिल्ली में एअर इंडिया मुख्यालय में आयोजित की जाती हैं। बैठकें अग्रिम रूप से शिड्यूल की जाती हैं। आवश्यकता/अत्यावश्यकता के मामले में प्रस्तावों को सर्कुलेशन द्वारा पारित किया जाता है। कम्पनी के प्रचालन निष्पादन की समीक्षा करने के लिए बोर्ड की एक तिमाही में कम से कम 01 बैठक की जाती है। बैठकों का एजेंडा संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा तैयार किया जाता है और मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किया जाता है। बोर्ड के दस्तावेज निदेशकों को अग्रिम रूप में दिए जाते हैं। बोर्ड के सदस्यों की सभी जानकारियों तक पहुंच होती है और वे एजेंडे में चर्चा हेतु किसी भी मामले को शामिल करने की सलाह देने के लिए स्वतंत्र है। बोर्ड की बैठकों में भाग लेने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को आमंत्रित किया जाता है और अपेक्षित स्पष्टीकरण प्रदान किए जाते हैं। अनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्टों को आवधिक तौर पर बोर्ड में रखा जाता है। कम्पनी के मामलों को बेहतर और ज्यादा ध्यान केन्द्रित करने हेतु, बोर्ड के कुछ मामलों को, इस उद्देश्य के लिए बनाए गए बोर्ड की समितियों को सौंपा जाता है।

बोर्ड की बैठकों, सामान्य वार्षिक बैठकों, निदेशकों की उपस्थिति, निदेशकों के निदेशक पद और समितियों में पोज़ीशन का ब्यौरा इस प्रकार है :

बोर्ड की बैठकें :

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान निम्नलिखित तिथि के अनुसार बोर्ड की बैठकें आयोजित की गईः

26 जून 2019 (157वीं बैठक)
24 जुलाई 2019 (158वीं बैठक)
14 नवम्बर 2019 (159वीं बैठक)
28 नवम्बर 2019 (160वीं बैठक)
02 मार्च 2020 (161वीं बैठक)

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान बोर्ड/शेयरधारकों की बैठकों में निदेशकों का उपस्थिति सहित विवरण।

| निदेशकों के नाम | शैक्षणिक योग्यता | 05 बोर्ड बैठकों में उपस्थिति | अन्य कंपनियों में निदेशक पद का विवरण | समितियों में सदस्यता |
|---|---|---|---|---|
| श्री अश्वनी लोहानी<br>अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक–एअर इंडिया लि.<br><br>अध्यक्ष<br>(14.02.2019 से नियुक्ति एवं 14.02.20 से निदेशक पद पर नहीं रहे) | मैकैनिकल इंजीनियर एवं फैलो ऑफ चार्टर्ड इंस्टीट्यूट ऑफ लॉजेस्टिक एण्ड ट्रांसपोर्ट | 4 | <u>अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक</u><br>एअर इंडिया लिमिटेड<br><u>पार्ट–टाइम अध्यक्ष</u> एअर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेस लि. (एआईएएसएल)<br>एअर इंडिया इंजीनियरिंग सर्विसेस लि.(एआईईएसएल)<br>एअर इंडिया एक्सप्रैस लि. (एआईएक्सएल)<br>होटल कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. (एचसीआई)<br>एअर इंडिया सैट्स एयरपोर्ट सर्विसेस प्रा. लि.<br>एअर इंडिया एसैटस होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल)<br><u>निदेशक</u><br>एअर मॉरिशस लिमिटेड<br>एअर मॉरिशस होल्डिंग लिमिटेड | <u>एआईएल सदस्य</u><br>नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति<br><u>एआईएएसएल</u><br><u>अध्यक्ष</u><br>कारपोरेट सोशल रिसपॉन्सिबिलीटी समिति_<br><br><u>सदस्य</u><br>लेखा परीक्षा समिति,<br><u>एचसीआई</u><br><u>सदस्य</u><br>लेखा परीक्षा समिति |
| श्री राजीव बंसल<br>अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक–एअर इंडिया लि.<br><br>अध्यक्ष<br>(14.02.2020 से नियुक्ति) | सिविल इंजीनियर, आईआईटी दिल्ली, फाईनेंस में डिप्लोमा, आईसीएफएआई हैदराबाद, ईएक्सई मास्टर्स इन इन्टेल बिजनेस आईआईएफटी, दिल्ली | 1 | <u>अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक</u><br>एअर इंडिया लिमिटेड<br><u>पार्ट–टाइम अध्यक्ष</u> एअर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेस लि. (एआईएएसएल)<br>एअर इंडिया इंजीनियरिंग सर्विसेस लि. (एआईईएसएल)<br>एअर इंडिया एक्सप्रैस लि. (एआईएक्सएल)<br>होटल कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. (एचसीआई)<br>एअर इंडिया सैट्स एयरपोर्ट सर्विसेस प्रा. लि.<br>एअर इंडिया एसैटस होल्डिंग लिमिटेड (एआईएचएल)<br><u>निदेशक</u><br>एअर मॉरिशस लिमिटेड<br>एअर मॉरिशस होल्डिंग लिमिटेड | <u>एआईएल सदस्य</u><br>नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति<br><u>एआईएएसएल</u><br><u>अध्यक्ष</u><br>कारपोरेट सोशल रिसपॉन्सिबिलीटी समिति_<br><br><u>सदस्य</u><br>लेखा परीक्षा समिति,<br><u>एचसीआई</u><br><u>सदस्य</u><br>लेखा परीक्षा समिति |

| निदेशकों के नाम | शैक्षणिक योग्यता | 05 बोर्ड बैठकों में उपस्थिति | अन्य कंपनियों में निदेशक पद का विवरण | समितियों में सदस्यता |
|---|---|---|---|---|
| श्री विनोद हेजमाड़ी<br><br>निदेशक– (वित्त) एअर इंडिया लि. | बी. कॉम, एसीए | 5 | निदेशक<br>एअर इंडिया लि.<br>एअर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेस लि. (एआईएएसएल)<br>एअर इंडिया इंजीनियरिंग सर्विसेस लि. (एआईईएसएल)<br>एअर इंडिया एक्सप्रैस लि. (एआईएक्सएल)<br>होटल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. (एचसीएल)<br>एअर इंडिया सैट्स एयरपोर्ट सर्विसेस प्रा. लि.<br>एअर इंडिया एसैटस होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल) | एएएएल<br>अध्यक्ष<br>एचआर समिति<br>सदस्य<br>लेखा परीक्षा समिति<br>उड़ान संरक्षा समिति<br>एआईएक्सएल<br>अध्यक्ष<br>कारपोरेट सोशल रिसपॉन्सिबिलीटी समिति<br>सदस्य<br>लेखा एवं वित्त समिति<br>एचआर एवं नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति<br>एआईएल<br>सदस्य<br>एचआर समिति<br>कारपोरेट सोशल रिसपॉन्सिबिलीटी एवं स्थिरता विकास समिति, शेयर आबंटन समिति<br>चयन समिति<br>उड़ान संरक्षा समिति<br>एआईएएसएल<br>सदस्य<br>कारपोरेट सोशल रिसपॉन्सिबिलीटी समिति_<br>लेखा परीक्षा समिति,<br>एचसीआई<br>सदस्य<br>लेखा परीक्षा समिति<br>एआईईएसएल |

| निदेशकों के नाम | शैक्षणिक योग्यता | 05 बोर्ड बैठकों में उपस्थिति | अन्य कंपनियों में निदेशक पद का विवरण | समितियों में सदस्यता |
|---|---|---|---|---|
| | | | | सदस्य<br>लेखा परीक्षा समिति<br>एआईसैट्स<br>अध्यक्ष<br>कारपोरेट सोशल रिसपॉन्सिबिलीटी समिति |
| श्री अंशुमाली रस्तोगी,<br><br>निदेशक (वित्त), नागर विमानन मंत्रालय<br><br>(दिनांक 20.01.2020 से निदेशक पद पर नहीं रहे) | फैलो, इंस्टीटियूशन ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर, लंदन चार्टर्ड इंजीनियर (मैकेनिकल इंजीनियरिंग), इंजीनियरिंग परिषद, लंदन के साथ पंजीकृत | 2 | निदेशक<br>एअर इंडिया एक्सप्रैस लि. (एआईएक्सएल)<br>एएआई कार्गो लॉजिस्टिक एवं एलाइड सर्विसेस कम्पनी लि. | एएएएल<br>अध्यक्ष<br>लेखा परीक्षा समिति<br>एआईएक्सएल<br>अध्यक्ष<br>लेखा परीक्षा समिति<br>सदस्य<br>सीएसआर समिति |
| श्रीमती कुसुम लता शर्मा<br>निदेशक (वित्त), नागर विमानन मंत्रालय<br>(20.01.2020 से निदेशक पद पर नियुक्ति) | एलएलएम | 1 | निदेशक<br>एअर इंडिया एक्सप्रैस लि. (एआईएक्सएल) | एएएएल<br>अध्यक्ष<br>लेखा परीक्षा समिति<br>सदस्य<br>एचआर समिति<br>एआईएक्सएल<br>अध्यक्ष<br>लेखा परीक्षा एवं वित्त समिति<br>सदस्य<br>सीएसआर समिति<br>एचआर, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति |
| श्री प्रांजोल चन्द्रा<br><br>निदेशक, नागर विमानन मंत्रालय<br><br>(दिनांक 31.08.18 से निदेशक पद पर नियुक्ति) | बी.ई. मैकेनिकल | 4 | निदेशक<br>एअर इंडिया एक्सप्रेस लि. (एआईएक्सएल) | एएएएल<br>अध्यक्ष<br>उड़ान संरक्षा समिति<br>सदस्य<br>लेखा परीक्षा समिति<br>एआईएक्सएल |

| निदेशकों के नाम | शैक्षणिक योग्यता | 05 बोर्ड बैठकों में उपस्थिति | अन्य कंपनियों में निदेशक पद का विवरण | समितियों में सदस्यता |
|---|---|---|---|---|
| | | | | सदस्य<br>लेखा परीक्षा एवं वित्त समिति<br>सीएसआर समिति<br>अध्यक्ष<br>एचआर, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति |
| श्री पंकज कुमार<br><br>का.नि., उत्तरी क्षेत्र<br>एअर इंडिया लिमिटेड<br><br>(दिनांक 30.04.19 से निदेशक पद पर नहीं रहे) | मार्केटिंग में एमबीए | 0 | – | – |
| श्री प्रेम सिंह नेगी<br><br>का.नि., उत्तरी क्षेत्र<br>एअर इंडिया लिमिटेड<br><br>(दिनांक 07.10.2019 से निदेशक पद पर नियुक्ति) | बीएससी / एमबीए (पीजीडीबीए) | 3 | – | – |

## 3 लेखा परीक्षा समिति

निगमित प्रशासन प्रक्रिया के भाग के रूप में व कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों और डीपीई के मार्गदर्शन के अनुपालन के तहत बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति का गठन किया गया है।

31 मार्च, 2020 को लेखा परीक्षा समिति में निम्नलिखित सदस्य थे:

| | |
|---|---|
| श्री अंशुमाली रस्तोगी | अध्यक्ष (दिनांक 20.01.2020 से निदेशक पद पर नहीं रहे) |
| श्रीमती कुसम लता शर्मा | अध्यक्ष (20.01.2020 से नियुक्ति) |
| श्री प्रांजोल चन्द्रा | सदस्य |
| श्री विनोद हेजमाड़ी | सदस्य |
| श्री राजीव बंसल | स्थायी आमंत्रित |

**लेखा परीक्षा समिति के विचारार्थ विषय इस प्रकार हैं :**

- नियुक्ति, पारिश्रमिक और कम्पनी के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति की शर्तों के लिए सिफारिश करना।
- लेखा परीक्षकों की स्वतंत्रता और निष्पादन व लेखा परीक्षा प्रक्रिया की प्रभावशीलता की समीक्षा व मॉनीटर करना।
- आंतरिक लेखा परीक्षा कार्यक्रम की समीक्षा करना और आंतरिक व बाह्य लेखा परीक्षकों के बीच समन्वय सुनिश्चित करने के

साथ–साथ यह तय करना कि आंतरिक लेखा परीक्षा का कार्य कम्पनी के व्यवसाय के आकार और प्रकृति के अनुरूप है या नहीं।

- लेखा परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व लेखा परीक्षक के साथ लेखा परीक्षा की प्रकृति और कार्य क्षेत्र के संबंध में चर्चा करना।
- वित्तीय विवरणी और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की जांच करना।
- सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की समीक्षा करना, प्रबंधन की प्रतिक्रिया और सांविधिक लेखा परीक्षकों की सिफारिशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाना।
- संबंधित पार्टियों के साथ कम्पनी के लेन–देन का अनुमोदन या तदन्तर कोई संशोधन करना।
- अन्तर कारपोरेट ऋण और निवेश की संवीक्षा।
- जहां कहीं भी आवश्यक हो कम्पनी के उपक्रमों या परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन करना।
- आंतरिक वित्तीय नियंत्रण और जोखिम प्रबंधन प्रणाली का मूल्यांकन।
- पब्लिक ऑफर के माध्यम से एकत्र किए गए धन के अंतिम उपयोग की मॉनिटरिंग करना और संबंधित मामले।
- बोर्ड द्वारा वांछित अन्य मामलों पर विचार करना।

अन्य मुद्दों के साथ–साथ कम्पनी के वार्षिक लेखों को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने से पूर्व लेखा परीक्षा समिति की वर्ष के दौरान निम्नलिखित तिथियों पर तीन बैठकें आयोजित की गई।

24 जुलाई, 2019 (16वीं बैठक)
13 नवम्बर, 2019 (17वीं बैठक)
02 मार्च, 2020 (18वीं बैठक)

**बैठक में उपस्थित सदस्य**

| सदस्यों के नाम | बैठक में उपस्थिति की सं. |
|---|---|
| श्री अंशुमाली रस्तोगी | 1 |
| श्री प्रांजोल चन्द्रा | 2 |
| श्री विनोद हेजमाड़ी | 3 |
| श्रीमती कुसुम लता शर्मा | 1 |

**4. पिछले तीन वर्षों की वार्षिक सामान्य बैठक**

| | बैठक की तिथि एवं समय | स्थान |
|---|---|---|
| 34वीं वार्षिक सामान्य बैठक | 27 सितम्बर, 2017 को 1100 बजे | बोर्ड रूम, एयरलाइंस हाउस, 113 गुरुद्वारा रकाबगंज रोड़, नई दिल्ली–110001 |
| 35वीं वार्षिक सामान्य बैठक | 26 दिसम्बर, 2018 को 1100 बजे | बोर्ड रूम, एयरलाइंस हाउस, 113 गुरुद्वारा रकाबगंज रोड़, नई दिल्ली–110001 |

| | | |
|---|---|---|
| 36वीं वार्षिक सामान्य बैठक | 26 सितम्बर, 2019 को 1500 बजे | बोर्ड रूम, एयरलाइंस हाउस, 113 गुरुद्वारा रकाबगंज रोड़, नई दिल्ली–110001 |
| असाधारण सामान्य बैठक | 11 फरवरी, 2020 को 1200 बजे | बोर्ड रूम, एयरलाइंस हाउस, 113 गुरुद्वारा रकाबगंज रोड़, नई दिल्ली–110001 |

# आचार संहिता

## घोषणा

मैं यह घोषणा करता हूं कि बोर्ड के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों द्वारा 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए निदेशक मंडल द्वारा अपनाए गए आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की गई है।

हस्ता/–
**(सी.एस. सुब्बैया)**
मुख्य कार्यपालक अधिकारी
एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 20 अक्तूबर 2020

# सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट
## 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

**(कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) तथा कंपनी (कार्मिकों की नियुक्ति तथा पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 9 के अनुसरण में)**

सेवा में,
सभी सदस्य
एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड
एलाइंस भवन, अन्तर्देशीय टर्मिनल–1,
आई.जी.आई एयरपोर्ट, नई दिल्ली–110037

मैंने एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड (सीआईएनः यू51101डीएल1983जीओआई016518) (इसके बाद 'कंपनी' के नाम से जानी जाएगी) द्वारा लागू सांविधिक प्रावधानों के पालन एवं उचित निगमित कार्यप्रणाली के अनुपालन की सचिवीय लेखापरीक्षा की है। सचिवीय लेखापरीक्षा इस प्रकार से की गई है जिससे मुझे निगमित कार्यों/सांविधिक अनुपालनों का मूल्यांकन करने एवं उस पर अपनी राय व्यक्त करने हेतु एक उचित आधार मिला।

कम्पनी की लेखा बहियों, कागज़ातों, कार्यवृत्त पुस्तिकाओं, फॉर्मों और फाइल किए गए रिटर्न तथा कंपनी द्वारा रखे जा रहे दूसरे रिकार्डों तथा साथ ही कंपनी, उसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा सचिवीय लेखापरीक्षा के दौरान उपलब्ध कराई गई जानकारी मैं, एतदद्वारा रिपोर्ट करता हूं कि मेरे विचार में 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष की लेखापरीक्षा अवधि के दौरान कंपनी ने एतद्धीन सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और कंपनी में समुचित बोर्ड प्रक्रिया है एवं अनुपालन प्रणाली उस सीमा तक स्थापित है जैसा कि निम्नलिखित रिपोर्ट में है :–

मैंने, निम्नलिखित के प्रावधानों के अनुसार 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए मुझे उपलब्ध करवाए गए लेखाबहियों, कागज़ातों, कार्यवृत्त पुस्तिकाओं, फार्मों, फाइल किए गए रिटर्न तथा एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड द्वारा रखे जा रहे अन्य रिकार्डों की जांच की :

(i) निम्नलिखित टिप्पणियों के आधार पर कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) एवं उसके अधीन बनाए गए नियमः

क) चूंकि कंपनी को स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति करने की आवश्यकता नहीं है, इसलिए पब्लिक लिमिटेड कंपनी (एअर इंडिया लिमिटेड) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी होने के कारण, लेखा परीक्षा समिति का गठन स्वतंत्र निदेशकों के बिना किया जाता है। अधिनियम की धारा 177 (2) के प्रावधानों व कंपनी (बोर्ड की बैठकें और इसके अधिकार) नियम, 2014 के नियम 6 का अनुपालन न करने पर, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ लेखा परीक्षा समिति के सदस्य के रूप में एक स्वतंत्र निदेशक की आवश्यकता होती है।

ख) अधिनियम की धारा 178 के साथ पठित कम्पनी नियम (बोर्ड की बैठकें व शक्तियां) 2014 के नियम 6 के अनुसार, कम्पनी द्वारा बोर्ड की पारिश्रमिक व नामांकन समिति का गठन नहीं किया गया है।

ग) कंपनी में 01 अप्रैल, 2019 से 19 जनवरी 2020 तक अधिनियम की धारा 149 के अन्तर्गत, आवश्यक एक महिला निदेशक नहीं है।

(ii) सुरक्षा संविदा (विनियम) अधिनियम, 1956 (एससीआरए) और इसके तहत बनाए गए नियम।

(iii) डिपॉजिटरी अधिनियम, 1996 और इसके अंतर्गत तैयार उपनियम।

(iv) विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 और उसके अधीन तैयार नियम व विनियम के तहत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, ओवरसीज़ प्रत्यक्ष निवेश और बाह्य वाणिज्यिक उधार। (कंपनी के पास प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, ओवरसीज प्रत्यक्ष निवेश और बाहरी वाणिज्यिक उधार नहीं है प्रबंधन द्वारा इसकी पुष्टि की गई है **(अतः कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।)**;

(v) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ('सेबी अधिनियम) के तहत निर्धारित निम्नलिखित विनियम और दिशानिर्देशः

क) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों और टेकओवर का पर्याप्त अधिग्रहण) विनियम, 2011 **(कंपनी पर लागू नहीं होते हैं);**

ख) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियम, 2011 **(कंपनी पर लागू नहीं होते हैं);**

ग) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इश्यू और शेयर ट्रांसफर एजेंटों का रजिस्ट्रार) विनियम, 1993 कंपनी अधिनियम के बारे में और ग्राहक के साथ व्यापार **(कंपनी पर लागू नहीं होते हैं);**

घ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी और प्रकटीकरण आवश्यकताओं संबंधी मदें) विनियम, 2009 **(कंपनी पर लागू नहीं होते हैं);**

ड.) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना और कर्मचारी स्टॉक खरीद योजना) दिशानिर्देश, 1999 और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियम, 2014 **(कंपनी पर लागू नहीं होते हैं);**

च) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूति को जारी करना और सूचीकरण) विनियम, 2008 **(कंपनी पर लागू नहीं होते हैं);**

छ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों को डीलिस्ट करना) विनियम, 2009 **(कंपनी पर लागू नहीं होते हैं);**

ज) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूति की पुनर्खरीद) विनियम, 1998 **(कंपनी पर लागू नहीं होते हैं);**

(vi) कंपनी में विशेष रूप से निम्नलिखित अधिनियम/गाइडलाइंस लागू होते हैं :–

- एयरक्राफ्ट एक्ट, 1934
- कैरिज बाई एयर एक्ट, 1972
- टोकियो कन्वेंशन एक्ट, 1975
- एंटी–हाईजैकिंग एक्ट, 1982
- सुप्ररेशन ऑफ अनलॉफुल एक्टस एगेन्स्ट सेफ्टी ऑफ सिविल एविएशन एक्ट 1982
- नागर विमानन महानिदेशक (डीजीसीए) द्वारा जारी नागर विमानन आवश्यकताएं

प्रबंधन द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण और प्रतिवेदन के आधार पर, मैं रिपोर्ट करता हूं कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विमान अधिनियम, 1934 की धारा 4 के साथ पठित विमान नियम, 1937 के नियम 133ए के तहत नागर विमानन आवश्यकताओं को जारी किया है व डीजीसीए चेक सिस्टम के तहत कम्पनी द्वारा ऐसी आवश्यकताओं का अनुपालन करना आवश्यक है। कानून के व्यापक सिद्धांत विमान नियम, 1937 में निहित हैं व विस्तृत आवश्यकताओं और अनुपालन प्रक्रिया को निर्दिष्ट करने के लिए नागर विमानन आवश्यकताओं को जारी किया जाता है।

प्रबंधन द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण और प्रतिवेदन के अनुसार, नागर विमानन महानिदेशक द्वारा नियामक लेखा परीक्षा नीति व कार्यक्रम के संबंध में दिनांक 21.12.2011 के माध्यम से परिपत्र जारी किया गया है जिसके तहत संगठन की गतिविधियों में आंतरिक नियंत्रण का पता लगाने के उद्देश्य से नियामक लेखा परीक्षा की जाती हैं ताकि विनियामक आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। कंपनी द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि कंपनी की नियामक लेखा परीक्षा नागर विमानन महानिदेशक की लेखा परीक्षा टीम द्वारा डीजीसीए की नियामक लेखा परीक्षा नीति के तहत निर्धारित लेखा परीक्षा प्रक्रिया व लेखा परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार किया जाता है। महानिदेशक द्वारा नामित संयुक्त नागर विमानन महानिदेशक सभी नियामक लेखा परीक्षा व जांच के लिए उत्तरदायी होगें और सामान्यतः संयोजक प्राधिकारी होगें।

विमान अधिनियम 1934 के अनुसार आरम्भिक प्रमाणन हेतु नियामक लेखा परीक्षा अनुमोदन प्राप्ति के लिए, अतिरिक्त अनुमोदन, रूटीन कॉनफॉरमेन्स तथा विशेष उद्देश्य लेखा परीक्षा हेतु की जाती है। नागर विमानन महानिदेशक या उनकी ओर से केन्द्र सरकार द्वारा विशेष रूप से अधिकार प्राप्त अधिकारी इस अधिनियम या उसके तहत तैयार नियमों में निर्धारित मामलों के संबंध में सुरक्षा ओवरसाइट कार्यों को देखते हैं।

मैं आगे यह रिपोर्ट करता हूं कि प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी, स्पष्टीकरण और प्रतिवेदन के आधार पर, कंपनी आमतौर पर उपरोक्त कानूनों के अनुपालन में नियमित है ऐसे विमानन कानूनों का कंपनी द्वारा अनुपालन नागर विमानन महानिदेशालय और अन्य नामित विशेषज्ञों/प्राधिकारियों द्वारा समीक्षा का विषय है, मैंने इस लेखा परीक्षा में उसकी समीक्षा नहीं की है।

मैंने निम्नलिखित लागू अनुच्छेदों के अनुपालन की भी जांच की है:

क) भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान द्वारा जारी निदेशक मण्डल की बैठकें (एसएस –1) और सामान्य बैठकें (एसएस –2) के संबंध में जारी सचिवीय मानक।

ख) केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम, 2010 के लिए निगमित प्रशासन पर भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देश।

मैं, निगमित प्रशासन पर उपरोक्त दिशानिर्देशों के आधार पर निम्नलिखित टिप्पणियां रिपोर्ट करता हूं:

(i) डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 3.1 के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल का गठन नहीं किया गया है, अर्थात् क्रियाशील, नामांकित और स्वतंत्र निदेशकों का कोई अनुकूल संयोजन नहीं है और नामित निदेशकों की संख्या 2 की निर्धारित सीमा से अधिक है।

(ii) डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 3.1.1.4 के अनुसार कंपनी में 1 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2020 की अवधि के दौरान कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं था।

(iii) डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 3.3 के अनुसार, बोर्ड की प्रति तिमाही में कम से कम एक बैठक और वर्ष में कम से कम चार बैठकें आयोजित की जानी आवश्यक है। इसके अलावा, किन्हीं भी दो बैठकों के बीच का समय अंतराल तीन महीने से अधिक नहीं होना चाहिए। यह देखा गया है कि कंपनी ने तीन महीनों में बोर्ड की बैठक नहीं की है और 24.07.2019 और 14.11.2019 को आयोजित दो बोर्ड बैठकों के बीच अंतर तीन महीने से अधिक है।

(iv) डीपीई दिशानिर्देशों के लिए अनुबंध IV में निर्धारित न्यूनतम जानकारी को दिशानिर्देशों के खंड 3.3 के तहत अपेक्षानुसार तिमाही वित्तीय परिणामों और विदेशी मुद्रा जोखिम और जोखिम को सीमित करने के लिए उठाए गए कदमों को छोड़कर आम तौर पर बोर्ड के समक्ष रखा जाता है।

(v) चूंकि कंपनी में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं है, अतः लेखा परीक्षा अवधि के दौरान डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 4.1.1 और 4.1.2 के अनुसार लेखा परीक्षा समिति का गठन नहीं हुआ।

(vi) इसके अलावा डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 4.4 के अनुसार, ऑडिट कमेटी को एक वर्ष में चार बैठकें आयोजित करनी आवश्यक है और दो बैठकों के बीच चार महीने से अधिक का अंतराल नहीं होना चाहिए। इसके अलावा, बैठक के कोरम के लिए न्यूनतम दो स्वतंत्र निदेशकों की उपस्थिति अनिवार्य है। यह देखा गया है कि 1 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2020 महीनों के दौरान लेखा परीक्षा समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई। लेखा परीक्षा समिति की बैठकें स्वतंत्र निदेशकों की उपस्थिति के बिना आयोजित की जाती हैं।

(vii) डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 5.1 के अनुसार कंपनी ने आवश्यक पारिश्रमिक समिति का गठन नहीं किया है।

मैं आगे यह भी रिपोर्ट करता हूं कि समीक्षा वर्ष के दौरान, मुझे दिए गए स्पष्टीकरण और प्रबंधन द्वारा दिए गए प्रतिवेदन के अनुसार, कंपनी द्वारा आम तौर पर उल्लिखित अधिनियमों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों और मानकों के प्रावधानों का पालन किया गया जो निम्नांकत टिप्पणियों के अधीन हैं।

मै आगे रिपोर्ट करता हूं कि:

- उपरोक्तानुसार कंपनी के निदेशक मंडल का विधिवत गठन नहीं किया गया है। समीक्षा अवधि के दौरान निदेशक मंडल के संयोजन में परिवर्तन, अधिनियम के उपबंधों के अनुपालन में किया गया है।
- सभी निदेशकों को बोर्ड की बैठकें आयोजित करने का पर्याप्त नोटिस दिया जाता है व कार्यसूची और कार्यसूची पर विस्तृत प्रस्ताव विधिवत रूप से निर्दिष्ट समय सीमा का अनुपालन करते हुए अग्रिम रूप से भेजे गए और बैठक में अर्थपूर्ण सहभागिता के लिए कार्यसूची पर और अधिक जानकारी एवं स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए एक प्रणाली बनाई गई है।
- बैठक के कार्यवृत्त विधिवत रूप से रिकार्ड किए गए व अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित और प्रबंधन द्वारा प्रतिवेदन के अनुसार बोर्ड के निर्णय एकमत थे।

मैं आगे रिपोर्ट करता हूं कि कंपनी द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी के आधार पर और प्रबंधन द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण व प्रतिवेदन के अनुसार मेरी राय में कम्पनी के आकार और प्रचालन की प्रकृति के अनुसार कंपनी में लागू सामान्य कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों के अनुसार अनुपालन सुनिश्चित करने व मॉनिटर करने के लिए पर्याप्त प्रणाली व प्रक्रियाएं तथा नियंत्रण मैकेनिज्म मौजूद हैं, तथापि निम्नलिखित कार्रवाई द्वारा अनुपालन प्रबंधन प्रणाली को और सशक्त किए जाने की आवश्यकता है:

क) एक वरिष्ठ कर्मचारी को अनुपालन अधिकारी के रूप में नामित करना;

ख) अनुपालन अधिकारी के साथ क्रियाशील इकाइयों के प्रभावी समन्वय को स्थापित करने और बनाए रखने के लिए;

ग) तिमाही अनुपालन रिपोर्ट बोर्ड को प्रस्तुत करना।

घ) अनुपालन चैक सूची बनाए रखना और गैर–अनुपालन का पता लगाने के लिए मैकेनिज्म स्थापित करना।

ड.) विभिन्न प्राधिकरणों से प्राप्त कम्पनी के विरूद्ध शिकायतों /कारण बताओ नोटिसों हेतु एक रजिस्टर रखना।

च) बोर्ड के सम्मुख कंपनी द्वारा दायर किए गए कानूनी मामलों और इनकी स्थिति के बारे में पूरा ब्यौरा रखना।

मैं आगे रिपोर्ट करता हूं कि कंपनी द्वारा लागू वित्तीय कानूनों जैसे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर कानूनों के अनुपालन की समीक्षा इस लेखापरीक्षा में नहीं की गई है क्योंकि उसकी समीक्षा सांविधिक वित्तीय लेखापरीक्षा एवं अन्य पदनामित व्यावसायिकों द्वारा की जाती है।

मैं, आगे रिपोर्ट करता हूं कि लेखापरीक्षा अवधि के दौरान, कम्पनी का नाम एयरलाइन एलाइड सर्विसेस लिमिटेड से एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड बदलने के सिवाय कंपनी ने उपरोक्त संदर्भित कानूनों, नियमों, विनियमों, दिशा–निर्देशों, मानकों इत्यादि के अनुपालन में, कंपनी के मामलों पर कोई विशेष प्रभाव डालने वाली घटनाएं/कार्रवाई नहीं हुई।

हस्ता./–
**(यू.सी. शुक्ला)**
कम्पनी सचिव
एफसीएसः 2727/सीपीः 1654

स्थान : मुम्बई
दिनांक : 5 नवंबर 2020

**नोटः यह रिपोर्ट हमारे समसंख्यक तारीख के पत्र के साथ पढ़ी जाए जो परिशिष्ट ''क'' के रूप में संलग्न की गई है तथा इस रिपोर्ट का अविभाज्य भाग है ।**

**परिशिष्ट क'**

सेवा में
सभी सदस्य
एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड
एलाइंस भवन, अन्तर्देशीय टर्मिनल–1,
आईजीआई एयरपोर्ट, नई दिल्ली–110037

मेरी, समसंख्यक तारीख की रिपोर्ट इस पत्र के साथ पढ़ी जाए :

1. सचिवीय रिकार्डों का रखरखाव कंपनी के प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। मेरी जिम्मेदारी, मेरी लेखापरीक्षा पर आधारित सचिवीय रिकार्डों पर अपनी राय व्यक्त करना है ।

2. मैंने, सचिवीय रिकॉर्डों की विषयवस्तु की सत्यता के संबंध में औचित्यपूर्ण आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा की उपयुक्त परंपरा और प्रक्रिया का अनुसरण किया है। सत्यापन टेस्ट चेक के आधार पर किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सचिवीय रिकार्डों में दर्शाए गए तथ्य सही है। मुझे विश्वास है कि जिस परंपरा और प्रक्रिया का मैंने अनुसरण किया है, मेरी राय को एक उचित आधार प्रदान करते हैं ।

3. मैंने कंपनी के वित्तीय रिकार्डों और लेखा बहियों की विशुद्धता और अनुकूलता का सत्यापन नहीं किया है ।

4. जहां कहीं आवश्यक हो, मैंने कानून, नियमों और विनियमों तथा घटनाओं की यथार्थता आदि के संबंध में प्रबंधन का रीप्रेजेन्टेशन प्राप्त किया है ।

5. कॉर्पोरेट और लागू अन्य कानून के प्रावधान, नियमों, विनियमों और मानकों के अनुपालन की जिम्मेदारी प्रबंधन की है। मेरी जांच, टेस्ट चेक के आधार पर प्रक्रियाओं के सत्यापन तक सीमित थी ।

6. यह सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट न तो भविष्य में कंपनी की सक्षमता का आश्वासन देती है और न ही प्रबंधन द्वारा किए जा रहे कंपनी के कार्यों की प्रभावोत्पादकता अथवा प्रभावकारिता का ।

हस्ता./–
**(यू.सी. शुक्ला)**
कम्पनी सचिव
एफसीएस नं.: 2727/सीपी: 1654

स्थान : मुम्बई
दिनांक : 5 नवंबर 2020

## वर्ष 2019–20 के लिए निदेशकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक
## फॉर्म संख्या एमजीटी 9–वार्षिक रिटर्न से उद्धरण

**31.03.2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष** का कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92(3) तथा कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 12(1) के अनुसरण में

### I. पंजीकरण तथा अन्य विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1 | सीआईएन | यू51101डीएल1983जीओआई016518 |
| 2 | पंजीकरण की तारीख | 13/09/1983 |
| 3 | कंपनी का नाम | एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड<br>(पूर्व में एयरलाइन एलाइड सर्विसेस लिमिटेड) |
| 4 | कंपनी की श्रेणी/उप–श्रेणी | सरकारी कम्पनी |
| 5 | पंजीकृत कार्यालय का पता तथा संपर्क विवरण | 'एलाइंस भवन' अन्तर्देशीय टर्मिनल,<br>आईजीआई एयरपोर्ट, टर्मिनल–1, नई दिल्ली–110037 |
| 6 | क्या कंपनी सूचीबद्ध है | जी, नहीं |
| 7 | पंजीकार एवं अंतरण एजेंट, यदि कोई है, का नाम, पता और संपर्क विवरण | लागू नहीं |

### II. कंपनी की मुख्य व्यावसायिक गतिविधियां (कंपनी के कुल टर्नओवर का 10% अथवा उससे अधिक योगदान करने वाली सभी व्यावसायिक गतिविधियों का उल्लेख करें)

| क्र. सं. | मुख्य उत्पाद/सेवा का नाम तथा विवरण | उत्पाद/सेवा का एनआईसी कोड | कंपनी के कुल टर्नओवर का % |
|---|---|---|---|
| | यात्री, भोजन तथा माल के वहन एवं किसी अन्य प्रयोजन के लिए विश्व के सभी देशों में अनुसूचित एवं गैर अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय एवं अंतर्देशीय हवाई परिवहन सेवाओं की स्थापना, अनुरक्षण एवं प्रचालन करना। | 511 | 100 |

### III. होल्डिंग, सहायक तथा संबद्ध कंपनी का विवरण:

| क्र. सं. | कंपनी का नाम एवं पता | सीआईएन/जीआईएन | होल्डिंग/सहायक/संबंद्ध | शेयरों का % | लागू धारा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एअर इंडिया लिमिटेड<br>113, एयरलाइन्स हाउस,<br>गुरुद्वारा रकाबगंज रोड,<br>नई दिल्ली – 110 001. | यू62200डीएल2007जीओआई161431 | होल्डिंग | 100% | 2(46) |

## IV. शेयर धारिता का पैटर्न (कुल इक्विटी के प्रतिशत के रूप में इक्विटी शेयरपूंजी का ब्यौरा):

| शेयर धारकों की श्रेणी | वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या (01.04.2019 को) | | | | वर्ष के अंत में धारित शेयरों की संख्या (31.03.2020 को) | | | | वर्ष के दौरान % परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | डिमैट | वास्तविक | वर्ष के दौरान | कुल शेयरों का % | डिमैट | वास्तविक | कुल | कुल शेयरों का % | |
| क. प्रवर्तक | | | | | | | | | |
| (1) भारतीय | | | | | | | | | |
| (क) वैयक्तिक/एचयूएफ | | | | | | | | | |
| (ख) केन्द्र सरकार | | | | | | | | | |
| (ग) राज्य सरकार | | | | | | | | | |
| (घ) निगमित निकाय | . | 40,225,000 | - | 100 | 40,224,993 | 7 | 40,225,000 | 100 | 0.00 |
| (ङ) बैंक/वित्तीय संस्था | | | | | | | | | |
| (च) अन्य कोई | | | | | | | | | |
| प्रवर्तक (क) की कुल शेयर धारिता | . | 40,225,000 | - | 100 | 40,224,993 | 7 | 40,225,000 | 100 | 0.00 |
| ख. सार्वजनिक शेयर धारिता | लागू नहीं | | | | | | | | |
| 1. संस्थाएं | | | | | | | | | |
| (क) म्युचुअल फंड/ यूटीआई | | | | | | | | | |
| (ख) बैंक/वित्तीय संस्था | | | | | | | | | |
| (ग) केन्द्र सरकार | | | | | | | | | |
| (घ) राज्य सरकार | | | | | | | | | |
| (ङ) वेंचर कैपिटल फंड | | | | | | | | | |
| (च) बीमा कंपनियां | | | | | | | | | |
| (छ) वित्तीय संस्थान | | | | | | | | | |
| (ज) विदेशी वेंचर कैपिटल फंड | | | | | | | | | |
| (झ) अन्य (स्पष्ट करें) विदेशी बैंक | | | | | | | | | |
| उप–जोड़ (ख) (1) | . | . | . | . | . | . | . | . | . |

### श्रेणीवार शेयर धारिता

| शेयर धारकों की श्रेणी | वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या (01.04.2019 को) | | | | वर्ष के अंत में धारित शेयरों की संख्या (31.03.2020 को) | | | | वर्ष के दौरान % परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | डिमैट | वास्तविक | कुल | कुल शेयरों का % | डिमैट | वास्तविक | कुल | कुल शेयरों का % | |
| 2. गैर–संस्थाएं | लागू नहीं | | | | | | | | |
| (क) निगमित निकाय (मार्केट मेकर + एलएलपी) | | | | | | | | | |
| i) भारतीय | | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ii) विदेशी | | | | | | | | | |
| ख) वैयक्तिक | | | | | | | | | |
| i) 1 लाख रुपए तक अंकित शेयरपूंजी धारण करने वाल वैयक्तिक शेयर धारक | | | | | | | | | |
| ii) 1 लाख रुपए से अधिक अंकित शेयर पूंजी धारण करने वाले वैयक्तिक शेयर धारक | | | | | | | | | |
| ग) अन्य (स्पष्ट करें) | | | | | | | | | |
